विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 10 मई 2024
sheelshukla100@gmail.com


# प्रोफेसर रामगोपाल न राम के हैं, न गोपाल के – ए.के. शर्मा

## रामगोपाल के राम मंदिर बयान पर मंत्री ए.के. शर्मा का पलटवार

संवाददाता।

लखनऊ। प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सपा महासचिव प्रो0 राम गोपाल यादव के राम मंदिर पर दिए गए आधारहीन व वेबुनियाद बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि रामगोपाल जी प्रोफेसर हैं, उनका बड़ा सम्मान करता हूं, लेकिन उन्होंने प्रभु श्रीराम मंदिर के बारे में जो कुछ भी कहा इससे साबित होता है कि वह न राम के हैं, न गोपाल के हैं। उन्होंने न राम मंदिर के लिए कुछ काम किया, न ही गोपाल की गायों के लिए कुछ काम किया। वो सपा अध्यक्ष अखिलेश जी के सलाहकर के साथ उनके परिवार के चाचा भी हैं। उस परिवार ने चार–चार बार उत्तर प्रदेश में शासन किया है। मुख्यमंत्री रहे हैं, लेकिन एक ईंट भी अगर राम मंदिर में आस्था नहीं थी, तो मथुरा के गोपाल मंदिर में ही रख दी होती। इसलिए उन्होंने न राम का काम किया और न गोपाल का ही...। उन्होंने कहा कि इतनी भव्यता, दिव्यता, पौराणिकता के साथ श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को मा. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व, उपस्थिति और साधू–संतों के आशीर्वाद से संपन्न किया गया, जिसका देश ही नहीं पूरा विश्व साक्षी रहा। पूरी दुनिया ने इस कार्य की सराहना की। लेकिन इस परिवार के लोगों को देश के वैभव का यह कार्य पसंद नहीं आया। इन्हें हमारे सनातन धर्म के इस ऐतिहासिक कार्य पर प्रश्न चिन्ह उठाने का अधिकार किसने दिया, यह समझ नहीं आता। पूरे देश के लोगों को इनकी मंशा पर जरूर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब मुगलों के पैरों तले राम मंदिर की चौखट को रौंदा गया होगा, उनके घोड़ों ने अयोध्या को रौंदा होगा, अयोध्यावासियों और उस क्षेत्र के निवासियों को घोर यातनाएं दी होगी, तब वहां का वास्तु अच्छा हो गया होगा, तब वहां का भूगोल और नक्शा भी अच्छा हो गया होगा। सैफई परिवार बिल्कुल सुल्तानी और मुगलई सोच व समझ वाले लोग हैं, इनकी बातों पर ध्यान देना उचित नहीं। भारत की सनातनी और धर्म प्रेमी जनता इन सारी चाल बाजियों को समझ रही है। ये न राम के होने वाले हैं, न गोपाल के ही। इतना ही नहीं यह राम भक्तों के साथ आम जनता के भी नहीं होने वाले हैं, ये सिर्फ अपने परिवार के थे, और परिवार के की रहेंगे। अपने परिवार के बाहर देश और प्रदेश का भला सपने भी इनसे नहीं हो सकता।

# कांग्रेस की काली करतूतों से देश की जनता पहले ही वाकिफ है– भूपेन्द्र सिंह चौधरी




लखनऊ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को तोड़ने की बात की है और समाज में नफरत के बीज बोने का काम किया है। कांग्रेस की काली करतूतों से देश की जनता पहले ही वाकिफ है। कांग्रेस पहले देश–विदेश में देश का अपमान करती थी, देश को बदनाम करती थी लेकिन अब तो भारतवासियों का भी अपमान करने लगी है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि राहुल गाँधी के गुरु और उनके राजनीतिक सलाहकार कहे जाने वाले सैम पित्रोदा जोकि वर्षों से कांग्रेस की ओवरसीज सेल के अध्यक्ष भी रहे हैं, ने 140 करोड़ भारतीयों पर नस्लभेदी और रंगभेदी टिप्पणी की है। अंकल सैम ने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रिकन जैसे दिखते हैं, नॉर्थ–ईस्ट भारत के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, पश्चिमी भारत के लोग अरब के लोगों जैसे दिखते हैं और उत्तर भारत के लोग अंग्रेज जैसे दिखते हैं। ये केवल सैम पित्रोदा का बयान नहीं है बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी की सोच है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी सैम पित्रोदा के बयान का समर्थन किया है। वैसे भी सैम पित्रोदा ऐसे ही कुछ नहीं बोलते बल्कि वे तो कांग्रेस की नीति को ही उजागर करते हैं।कहा कि सैम पित्रोदा का इस्तीफा महज एक चवसपजप. बंस कतंउं है। कांग्रेस सैम पित्रोदा को पार्टी से बर्खास्त करने की हिम्मत दिखायेगी? अगर नहीं तो ये इस्तीफा बस कंउंहम बवद. जतवस के लिए है। सैम पित्रोदा अभी भी कांग्रेस पार्टी में हैं और राहुल गाँधी के सलाहकार हैं। अभी तक राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी ने सैम पित्रोदा के बयान की कड़ी निंदा नहीं की? राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा और सोनिया गाँधी देशवासियों का अपमान करने को लेकर देश की जनता से अविलंब माफी मांगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने भी सैम पित्रोदा के बयान का समर्थन कर दिया है तो क्या कांग्रेस अधीर रंजन चौधरी को भी कांग्रेस से बर्खास्त करेगी या उनसे इस्तीफा लेगी? कांग्रेस ऐसे बयानों को व्यक्तिगत बता कर इससे किनारा नहीं कर सकती। कांग्रेस की 'मोहब्बत की दुकान' में हर जगह नफरत का सामान बिखरा पड़ा है। इंडी गठबंधन के तमाम नेता–सब ऐसे ही बयान दे रहे हैं। कांग्रेस का एक नेता देश को तोड़ने की बात करता है, दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग करते हैं तो कांग्रेस उसे लोकसभा का टिकट देती है। कांग्रेस के नेता और तेलंगाना के मुख्यमंत्री उत्तर–दक्षिण को लेकर समाज में नफरत पैदा करते हैं। राहुल गाँधी स्वयं उत्तर–दक्षिण के लोगों को बांटने की बात करते हैं। समाज को बांटने की इनकी मानसिकता रही है। इनकी राजनीति की दुकान इसी से चलती है। इनके पास कोई मुद्दे नहीं हैं। कांग्रेस ऐसे नेता को लोक सभा का टिकट देती है जो जेएनयू में राष्ट्रविरोधी नारे लगाने वालों का समर्थन करता है। कहा कि कांग्रेस के नेता और महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शहीद हेमंत करकरे को लेकर कहते हैं कि आतंकी कसाब की गोली से नहीं मरे थे तो पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चन्नी आतंकी हमलों को ड्रामा बताते हैं। देश की जनता कांग्रेस को भाव दे नहीं रही तो अब पाकिस्तान से राहुल गाँधी और कांग्रेस की तारीफ के कसीदे पढ़े जा रहे हैं। सैम पित्रोदा ने अपने बयानों से हर बार कांग्रेस के ्पिककमद ्हमदकं को देश की जनता के सामने रखा है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सैम पित्रोदा ने कुछ दिन पहले ही भारत में अमेरिका की तरह विरासत टैक्स लगाने की बात कही थी और कहा था कि कांग्रेस पार्टी एक ऐसी नीति बनाएगी, जिसके माध्यम से धन का बांटना बेहतर होगा। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में भी हिडेन रूप से ूमंसजी डिस्ट्रीब्यूशन की बात की है। राहुल गाँधी हर रैली में इसकी बात करते हैं।

## समाज के लिए लड़ता रहूंगा रू आकाश आनंद

लखनऊ(आरएनएस )। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) नेता आकाश आनंद ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के आदेश का पालन करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि बहन जी का आदेश सिर माथे पर लेकिन पार्टी और समाज के लिए अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा।आकाश आनंद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि बहन मायावती आप पूरे बहुजन समाज के लिए एक आदर्श हैं, करोड़ों देशवासी आपको पूजते हैं। आपके संघर्षों की वजह से ही आज हमारे समाज को एक ऐसी राजनैतिक ताकत मिली है जिसके बूते बहुजन समाज आज सम्मान से जीना सीख पाया है। आप हमारी सर्वमान्य नेता हैं। आपका आदेश सिर माथे पे। भीम मिशन और अपने समाज के लिए मैं अपनी अंतिम सांस तक लड़ता रहूँगा।उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व बसपा प्रमुख मायावती ने आकाश आनंद को राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर और अपने उत्तराधिकारी की भूमिका से मुक्त कर दिया था। इसके पीछे उन्होंने उनकी अपरिपक्वता का हवाला दिया था। मायावती के इस कदम के बाद गुरुवार को आकाश आनंद ने अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है।

## लखनऊ से 285 हज यात्रियों को लेकर रवाना हुई फ्लाइट

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश से हज यात्रा के लिए चयनित कुल 18 हजार 10 हज यात्रियों में से 285 हज यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से फ्लाइट मदीना के लिए रवाना हुई।कानपुर रोड स्थित जायरीन हज हाऊस में तड़के सुबह से हज यात्रा के लिए जाने वाले लोग पहुंचें और उनका हज समिति की ओर से फूल माला से स्वागत किया गया। राज्य हज कमेटी के सचिव एस.पी. तिवारी ने मीडिया से कहा कि हज यात्रियों को जायरीन हज हाऊस से अमौसी एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए एसी बसें लगायी गयी। ज्यादा उम्र के हज यात्रियों के लिए लो फ्लोर बसें लगायी।उन्होंने कहा कि मदीना के लिए पहली उड़ान से पहले हज यात्रियों को समय से पहुंचाया गया।सुबह छह बजे से ही बसें लगायी गयी। हज यात्रियों के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था करायी गयी। धूम गर्मी को देखते हुए हवादार वातावरण बनाया गया। हज करने को जा रहे लोगों को पहुंचाने आये लोगों को भी सभी सुविधाएं दी गयी। हेल्प डेस्क बनाकर हर सम्भव सहायता प्रदान की गयी।नौ मई से हज यात्रा के लिए रवानगी शुरु हुई है। यह सिलसिला इसी तरह 24 मई तक चलता रहेगा। हज यात्रियों की सुविधा के लिए हज हाऊस पर कमेटी की ओर से सहायता के लिए डेस्क की व्यवस्था बनी रहेगी। उप्र हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन रजा पहले दिन से ही हज यात्रियों की सेवा में जुटे हुए है।

## डीजीपी की पुलिस महानिदेशक एनआईए से शिष्टाचार भेंट

लखनऊ(आरएनएस )। पुलिस महानिदेशक यूपी प्रशान्त कुमार से गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में सदानन्द दाते पुलिस महानिदेशक, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) नई दिल्ली द्वारा शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं दी गयी तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किये गये। भेंट के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस और एनआईए के मध्य बेहतर समन्वय, आतंकवाद विरोधी उपायों एवं उनके संगठनो के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ–साथ अन्वेषण आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी।

## एकेटीयू में हुआ नव मतदाता संवाद कार्यक्रम

लखनऊ(आरएनएस )। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को एकेटीयू इकाई द्वारा नव मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन कैश सभागार में किया गया। कार्यक्रम में एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने कहा कि लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदाताओं की बहुत ही महती भूमिका होती है। विद्यार्थी परिषद सदैव राष्ट्रहित में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।इसी क्रम में लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान के लिए पूरे देश में कार्यकर्ता जन जागरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा देश में नव मतदाता जो पहली बार मतदान करने जा रहे हैं वे उत्साह से भरे हुए हैं। साथ ही अन्य मतदाता भी मतदान के दिन मतदान करने अवश्य जाएं, इसकी चिंता एक जागरूक राष्ट्रवादी छात्र संगठन होने के नाते अभाविप करता है।

### पुनर्वास विवि को मिली संगीत पाठ्यक्रमों की मंजूरी

लखनऊ(आरएनएस )। शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में संगीत से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू करने को मंजूरी मिल गई है। जिससे अब विवि में म्यूजिक में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए जा सकेंगे। पुनर्वास विवि के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने गुरुवार को दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रतिनिधि मंडल से बातचीत कर, उनकी समस्याएं सुनीं।इसके बाद उन्होंने संगीत में नए

# भाजपा लोकसभा का चुनाव हार रही है, भाजपा के नेता बौखलाहट में है

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा लोकसभा का चुनाव हार रही है, भाजपा के नेता बौखलाहट में है। भाजपा के चुनाव हारने के संकेत सबके सामने हैं। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने तीन चरणों के मतदान के बाद अपनी हार स्वीकार कर ली है।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने ही प्रदेश के पुराने साथियों पर अपने प्रदेश में चुनाव संपन्न होने के अगले दिन ही आरोप क्यों लगाए गए? आखिरकार किसान की बोरी से चोरी करने वालों ने 'बोरी भरे काले धन' का आरोप लगाकर खुद्द ही ये स्वीकार कर लिया है कि देश में काला धन बोरी भर–भर कर उपलब्ध है। इसका मतलब ये बात नोटबंदी की असफलता को भी स्वीकार करती है क्योंकि वो मान रहे हैं, काला धन न केवल है बल्कि भरपूर चलन में भी है। इसका एक अर्थ ये भी हुआ कि बड़े–बड़े उद्योगपतियों ने टैक्स के रूप में जीएसटी आयकर और अन्य प्रकार के टैक्स की चोरी की होगी तभी तो काला धन पैदा हुआ। यह सरकार ने होने दिया या रोक नहीं पायी, दोनों अवस्था में यह सरकार की ही नाकामी है। इसका मतलब भाजपा सरकार के पिछले दस सालों के सारे बड़े फैसले नोटबंदी, जीएसटी गलत साबित हुए हैं। कहा कि इसका अर्थ ये हुआ कि देश में भ्रष्टाचार से जन्म लेने वाली महंगाई और बेरोजगारी का कारण भाजपा सरकार की नीतियां ही हैं। देश के सबसे बड़े व्यापारिक घरानों के बारे में ऐसी बात कहकर भाजपाइयों ने पूरी दुनिया में भारत के उद्योग जगत की व्यापारिक संभावनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। इससे पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाने का दावा करने वाली भाजपा ने देश की छवि का ढोल ही फोड़ दिया है। भाजपा राज में विकासशील देशों की श्रेणी से बाहर कर दिये जाने की वजह भाजपा सरकार है। इससे ये सवाल जन्म लेता है कि क्या भाजपा सरकार 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था के भारत की संकल्पना काले धन के आधार पर कर रही थी।अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से कुछ तीखे सवाल पूछ रही है कि अगर आपको ये सब मालूम था तो आपकी एजेंसियाँ सक्रिय क्यों नहीं हुई? भाजपा सरकार सब कुछ जानते हुए भी क्या सिर्फ इसीलिए चुप रही क्योंकि 'इलेक्टोरल बांड' का टेप उसके मुँह पर लगा हुआ था? बैंकों में मिनिमम बैलेंस पर गरीबों के खातों से पैसा काटने वाली भाजपा सरकार क्या देश के खरबों के राजस्व की हानि की भरपाई खुद्द के चुनावी चंदे से करेगी? चंदा लेकर जानलेवा कोरोना वैक्सीन लगवाने वाली भाजपा सरकार क्या कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जाने वाले अपने चुनावी चंदे को जनता का काल बनने वाला 'काला धन' घोषित करेगी? कहा कि भाजपा ने जिन पर आरोप लगाए हैं, क्या उनको दिये गये सारे ठेके, पट्टे रद्द कर देगी? क्या इस भंडाफोड़ के बाद जनता के पैसों से बनाये गये 'पीएम केयर फंड' का हिसाब–किताब भाजपा जनता के सामने रखेगी? क्या देश के ईमानदार अधिकारी साहस करके आगे आएंगे और चौक्कने रहकर देश की सीमाओं को इस तरह चुस्त–दुरुस्त करेंगे कि कोई भागने न पाए? क्या भाजपा की जाती हुई सरकार को देखते हुए अभी भी कुछ भ्रष्ट अधिकारी भाजपा सरकार के एजेंट बनकर चुनावी घपले या जनता का उत्पीड़न करने की हिम्मत करेंगे? क्या भाजपा राष्ट्र प्रेम और ईमानदारी का ढोंग जारी रखेगी या फिर अभिनेताओं को बदल देगी।

## 01 मार्च से 08 मई तक कुल 39302.24 लाख रुपये कीमत की शराब

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 08 मई, 2024 तक कुल 39302.24 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3455.99 लाख रुपये नकद धनराशि, 5031.80 लाख रुपये कीमत की शराब, 23044.41 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2264.19 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 2818.06 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2687.79 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 08 मई, 2024 को कुल 882.96 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 32.14 लाख रुपये नकद धनराशि, 55.38 लाख रुपये कीमत की 20869.18 लीटर शराब, 26.03 लाख रुपये कीमत की 27866.69 ग्राम ड्रग, 599.77 लाख रुपये कीमत के 642297.30 मुफ्त उपहार एवं 169.63 लाख रुपये कीमत की 419637 अन्य सामग्री जब्त की गयी।08 मई, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद गोरखपुर की गोरखपुर शहर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 18 लाख रुपये नकद धनराशि पकड़ी गयी। इसके अतिरिक्त जनपद बाराबंकी की राम नगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10.50 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 210 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी।

## अब तक कुल 1,48,52,256 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी

लखनऊ(आरएनएस) । प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,48,52,256 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 91,30,890 तथा निजी स्थानों से 57,21,366 प्रचार–प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 10,18,331, पोस्टर के 41,73,275, बैनर के 25,51,606 एवं अन्य 13,87,678 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 7,96,550, पोस्टर के 26,49,561 बैनर के 14,33,842 एवं अन्य 8,41,413 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में

# अयोध्या में नहीं तो क्या काबुल–कंधार, कराची और लाहौर में बनेगा राम मंदिर



सीतापुरध्लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा चुनाव रामभक्तों व रामद्रोहियों के बीच रह गया है। जनता–जनार्दन और रामभक्त कह रहे हैं कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, जबकि रामद्रोही कह रहे हैं कि मंदिर बेकार बना है। इसे बनाने की आवश्यकता ही नहीं थी। भारत के अंदर मंदिर की क्या आवश्यकता थी। मुख्यमंत्री ने तंज कसा कि भगवान राम का मंदिर उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नहीं तो क्या काबुल–कंधार, लाहौर और कराची में बनेगा। अयोध्या श्रीराम की पावन जन्मभूमि और कोटि–कोटि सनातन धर्मावलंबियों की आस्था की भूमि है। अयोध्या हमारा पवित्र धाम है। आज की अयोध्या त्रेतायुग के रामायण काल की याद दिलाएगी और काशी में सतयुग के दर्शन होंगे।मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बिसवां में आयोजित जनसभा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने सीतापुर के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा को फिर से जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप के जन्मदिन की बधाई दी। नैमिषारण्य के लिए बड़ी कार्ययोजना तैयार, हेलीकॉप्टर–मेट्रो की सुविधा से जोड़ने जा रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नैमिषारण्य के लिए भी बड़ी कार्ययोजना लेकर आ चुकी है। फोरलेन कनेक्टिवटी कार्य प्रारंभ हो चुका है। यहां यात्री विश्रामालय बनेंगे, गोमती नदी का रिवर फ्रंट के रूप में विकास होगा, मंदिरों का पुनरोद्धार व सुंदरीकरण, हर व्यापारी का पुनर्वास, नए होटल–रेस्तरां खुलेंगे। इलेक्ट्रिक बस को लखनऊ से जोड़ने की सेवा प्रारंभ कर चुके हैं। हेलीकॉप्टर की सुविधा से भी जोड़ने जा रहे हैं। धीरे–धीरे लखनऊ से बाहर मेट्रो भी वहां तक पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण का उदाहरण देते हुए कहा कि रेडिको खेतान ने भी यहां एक हजार करोड़ के निवेश के साथ सैकड़ों नौजवानों के लिए नौकरी–रोजगार के द्वार खुले हैं। ईडी के एक अधिकारी ने नौकरी छोड़कर नौजवानों के भविष्य के लिए आपको बेहतरीन कैंपस उपलब्ध कराया। देश में जल्द ही समान नागरिक कानून भी करेंगे लागू मुख्यमंत्रीने कहा कि रामभक्त भारत की सुरक्षा, विकास–गरीबों के उत्थान, विकसित भारत के लिए कार्य कर रहे हैं। रामद्रोही दुनिया में भारत को अपमानित करते हैं। सुरक्षा में सेंध लगाते हैं। रामभक्तों पर गोली चलाते हैं और आतंकियों के मुकदमे वापस लेते हैं। मोदी जी के चमत्कारिक नेतृत्व के कारण देश में परिवर्तन हुआ है। नए भारत में सुरक्षा, सम्मान व विकास के कार्य भी हो रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि यह देश अब अधिक इंतजार नहीं करेगा, जल्द ही समान नागरिक कानून भी लागू करेंगे। कांग्रेस, सपा–बसपा के लोगों के लिए चुनाव सत्ता प्राप्ति का माध्यम है, जिससे यह परिवार के लिए अधिक से अधिक धन लूट सके। भाजपा आत्मनिर्भर के सपने को साकार करने के लिए सत्ता में आना चाहती है। हर बड़ा माफिया–अपराधी सपा का शागिर्द मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कांग्रेस के समय आतंकी विस्फोट होते थे। आमजन कार्रवाई की मांग करते थे तो सरकार कहती थी कि आतंकी सीमापार के हैं। आज आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर दिया गया। नया भारत छेड़ने वाले को छोड़ता नहीं है। समाजवादी पार्टी ने नैतिकता खो दी है, इसे जनता के बीच जाने का अधिकार ही नहीं है। इन लोगों ने सत्ता के समय खूब लूट मचाई। परिवार के सिवाय किसी को बख्शा नहीं। यह सिर्फ परिवार, आतंकवादियों, माफिया और अपराधियों की ही पैरवी करते थे। हर बड़ा माफिया–अपराधी सपा का शागिर्द था। यह रामभक्तों पर गोली चलाएंगे और राममंदिर को कहेंगे कि बेकार का काम हुआ है। आतंकियों के मुकदमे वापस लेने की फाइल पर अखिलेश ने किया था हस्ताक्षर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आतंकियों ने हमारी आस्था श्री राम जन्मभूमि अयोध्या, काशी के संकट मोचन, लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या कचहरी और रामपुर सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया था, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद अखिलेश यादव ने सबसे पहले इन आतंकियों के मुकदमे वापस लेने की फाइल पर हस्ताक्षर किया था पर न्यायपालिका ने ऐसा होने से बचा लिया। यह आतंकवादी बाहर निकलकर हमले और विस्फोट करते। आज आपकी सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता। किसी ने ऐसा सोचा भी तो उसे पता है कि ऐसा करने से पहले यमराज उसके जीवन की डोर काटकर ले जाएंगे। कानून को बंधक बनाने का प्रयास करने वालों की रामनाम सत्य की यात्रा निकल जाएगी।जनसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, जिला प्रभारी नीरज सिंह, योगी सरकार के मंत्री राकेश राठौर गुरु, विधायक आशा मौर्या, मनीष रावत, निर्मल वर्मा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, लोकसभा संयोजक दिनेश तिवारी, कैप्टन मनोज पांडेय की

## एनसीआरएमयू कि सदस्यता ग्रहण की

झाँसी द्य एनसीआरएमयू के मण्डल कार्यालय में रनिंग शाखा से कई सहायक लोको पायलट ,ट्रैन मैनेजर युवा साथियो ने एनसीआरएमयू की कार्यशैली से प्रभावित होकर मेंस यूनियन में अपनी आस्था व्यक्त की,और मण्डल सचिव अमर सिंह यादव व मण्डल अध्यक्ष डी. के. खरे की उपस्थिति में एनसीआरएमयू की



सदस्यता ग्रहण की तथा मण्डल सचिव अमर सिंह यादव व मण्डल अध्यक्ष ने सभी साथियों को माला पहनाकर स्वागत किया.

सदस्यता ग्रहण करने वाले राहुल सिंह, जितेंद्र कुमार,,नरेंद्र सिंह यादव ,अखलेश कुशवाहा,अभय सिंह,अभिषेक चौधरी, आकाश त्रिपाठी,अभिषेक पटेल,विनीत यादव,भोला कुमार, राहुल कुमार,रवि कुमार,सोनू सिंह ने की । इस अवसर पर कार्यकारी मंडल अध्यक्ष भावेश प्रसाद, उपाध्यक्ष आर. के.नामदेव,अनिरुद्ध सिंह यादव,साथ ही संयुक्त मंडल सचिव निर्मल सिंह संधू, रनिंग शाखा सचिव रोहित शर्मा, संयुक्त सचिव मुकेश यादव ,रविन्द्र वर्मा,विशाल पाठक,उदय शंकर प्रसाद,आकाश चक्रवर्ती, आदित्य यादव,विशाल सैनी,गोपाल श्रीवास,जितेंद्र यादव, हरीश बाबू श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड नंबर ५९ ने लिया संकल्प नलों से पानी नहीं तो मतदान नहीं

झांसी! पानी की समस्या से क्षेत्रवासी है बहुत ज्यादा परेशान कोई नहीं है सुनने वाला, लगभग 5 सालों से इस क्षेत्र के समस्त जनता पानी की समस्या को लेकर बहुत ही ज्यादा है परेशान आपको बताते चले कि मामला झांसी क्षेत्र के पन्नालाल मोहल्ला



वार्ड नंबर 59 का है जहां पर क्षेत्रवासियों का कहना है कि पिछले 5 वर्षों से हम लोग अपने लिए पानी की एक–एक बूंद के लिए तरस रहे हैं । दिन हो या रात नल में पानी आने का इंतजार करते रहते और पानी है कि आता ही नहीं है । इस मामले को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं और अधिकारियों को भी अवगत करा चुके हैं । लेकिन अधिकारियों के कानो पर जु तक नहीं रेंगती हैं द्य बही क्षेत्रीय पार्षद संजीव गुप्ता भी इस समस्या के समाधान के लिए पूरे प्रयासरत रहते हैं । और समय–समय पर जल संस्थान के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराते रहते हैं द्य क्षेत्र की जनता की पानी की समस्या का समाधान हो द्य लेकिन अधिकारी है की सुनते ही नहीं है । क्षेत्रीय पार्षद का कहना है की समस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत करा रखा है द्य समय–समय पर उनको जानकारी देते रहते हैंद्य ज्ञापन के माध्यम से और क्षेत्रवासियों की समस्या के लिए टेकरो से जितनी पूर्ति हो सकती है वह की जा रही है लेकिन टैंकर द्वारा पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है द्य वहीं क्षेत्र वासियों का कहना है द्य कि पानी भी इतना गंदा आता है कि पीने योग्य नहीं होता है द्य और यहां तक एक बड़ी बात भी क्षेत्रवासियों ने कही है कि इस बार यदि चुनाव के पहले हम लोगों के नलों मे पानी नहीं आया द्य तो हम सभी मतदान करने भी नहीं जाएंगे द्य पानी नहीं तो वोट नहीं का संकल्प लिया द्य क्षेत्रीय पार्षद का भी यही कहना रहा है कि हम अपनी बार्ड की समस्त जनता के साथ है यदि इनकी पानी की समस्या का हल नहीं होता है तो हम भी इस बार मतदान करने नहीं जाएंगे अब देखना यह होगा कि क्या क्षेत्र वासियों की समस्या के लिए कोई जनप्रतिनिधि या जल संस्थान का कोई अधिकारी इनकी समस्या का समाधान करता है या फिर यह लोग इसी प्रकार पानी के लिए तरसते रहेंगे।

## सी.एम.एस. छात्र अंश को 96,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ, 9 मई। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र अंश नारायण गुप्ता को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की जेवियर यूनिवर्सिटी द्वारा 96,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अंश को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अंश की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।



प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 80 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम. आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी एवं नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

## जनाधार खो चुके नेताओं की मंडली बनी गठबंधन प्रत्याशी की खेवनहार

सुल्तानपुर (आरएनएस)। सभी चाहते है कि हमारा पडोसी, हमारा सांसद, विधायक सब बेदाग छवि का हो आवश्यकता पर हमारे काम आए, हमारे क्षेत्र का विकास करे, सर्व सुलभ हो, निर्विवाद हो और स्थानीय हो तो सबसे बेहतर हो। भाजपा से मेनका गांधी 38 लोकसभा सुल्तानपुर से सासंद प्रत्याशी है, तो वही गोरखपुर के राम भुआल निषाद इंडिया गठबंधन से है, बसपा से उदराज स्थानीय होते हुए भी चुनावी माहौल में गर्माहट नही ला पा रहे है। अब सवाल उठता है कि चुनावी गणित में कौन कितनी मजबूती के साथ मैदान में है। जनताध्वोटर भी बहुत नजदीकी नजर से देख रही है और समीक्षा भी कर रहे है कि सुल्तानपुर और यहा की अवाम के लिए कौन मुफीद है। भाजपा की बात करे तो मेनका गांधी बाहरी होते हुए भी अपनी कार्य शैली के दम पर पांच साल में खुद को साबित कर दिया है कि हम जातिध्धर्म और मजहब से परे हटकर काम करने वालों में है। तो वही इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल निषाद दर्जनों अपराधिक मामलों से लदे होने के बाद गोरखपुर से दाल ना गलने



के बाद सुल्तानपुर से किस्मत आजमा रहें है और इनके सारथी वो बने है जो विधानसभा चुनाव में खुद की सीट नही बचा पाएं। उनके ऊपर सासंद बनाने की जिम्मेदारी है, वोटर तलाश रहा है कि सपा से सिर्फ एक वर्तमान और चार पूर्व विधायक ही जिले में है, तो फिर पूर्व विधायक सफदर रजा किस पार्टी में है। पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद चुनावी मैदान में दिखाई तो दिए थे लेकिन अब फ्रेम से बाहर है तो वही सपा संस्थापकों में रहें वरि.सपा नेता मुईद अहमद रंगोली, खुर्शीद खान आदि कहा गायब है। सवाल उठता है कि अब इंडियां गठबंधन को इनकी जरूरत नही रही। देखना होगा कि सपा की रीढ़ रहे नेताओं को कितनी तरजीह मिलती है। सूत्र तो यहातक बताते है कि प्रत्याशी राम भुआल निषाद बाहरी होने के चलते उन्हें सुल्तानपुर की वास्तविकता से दो–चार होने ही नही दिया जा रहा है। श्री निषाद को गफलत से बाहर आने ही नही दिया जा रहा है, जिससे उन्हें इस बात का एहसास हो कि चुनावी मैंदान में इंडिया गठबंधन कहां है?।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर नहर में पलटा एक गंभीर घायल दो की हुई मौत

बल्दीरायध्सुल्तानपुर (आरएनएस)। तहसील क्षेत्र के बघौना के पास शारदा सहायक नहर के मोड़पर अनियंत्रित में लगभग दो बजे शारदा सहायक नहर में पलट गया जिसमें देवेंद्र यादव पुत्र इंद्रपाल (उम्र लगभग 42 वर्ष) निवासी दिया वहीं बीरे पुत्र काशीराम निवासी बिगहुलीकी हालत गंभीर बनी हुई थी। जिनकी ईलाज के दौरान ही हादसा के कुछ



होकर ट्रैक्टर शारदा सहायक नहर में पलट गया। जिसमें चालक सहित तीन लोग गंभीर घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने एक को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे की थोड़ी देर बाद मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बघौना बाजार की तरफ से आ रहा ट्रैक्टर नहर के पुल से नीचे बल्दीराय की तरफ मोड़ते समय अनियंत्रित होकर गुरुवार दिन बिगहुली, वंश कुमार यादव पुत्र काशीराम उम्र लगभग (15 वर्ष) निवासी बिगहुली, अजय पुत्र कृष्ण प्रसाद उम्र लगभग (14 वर्ष)निवासी पिंडारा थाना कोतवाली मुसाफिरखाना जनपद अमेठी मौजूद थे जो कि गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद चालक देवेंद्र यादव पुत्र इंद्रपाल यादव निवासी बिगहुली थाना ध्नपतगंज को मृत्यु घोषित कर देर बाद मौत हो गई। व तीसरे युवक अजय पुत्र कृष्ण प्रसाद निवासी पिंडारा थाना कोतवाली मुसाफिरखाना जनपद अमेठी का ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में चल रहा है। एक ही गांव में अचानक दो मौत की खबर मिलते ही परिवार व गांव में कोहराम मच गया। मृतक देवेंद्र के परिवार में पत्नी सुनीता व दो पुत्री तथा एक पुत्र है वहीं मृतक वंश कुमार यादव कि अभी शादी नहीं हुई थी परिवार में मां–बाप तथा दो भाई व चार बहनें हैं मृतक भाइयों में बड़ा था।

## नाम वापसी की तिथि समाप्त, नहीं वापस हुआ एक भी नामांकन

### 38–सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 09 उम्मीदवार मैदान में

सुलतानपुर (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार की उपस्थिति में आज रिटर्निंग ऑफिसर कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा अवगत कराया गया कि 38–सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नाम वापसी की तिथि अपरान्ह 3:00 बजे समाप्त हो गयी, एक भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। उन्होंने बताया कि 09 प्रत्याशियों का नामांकन फाइनल हुआ है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका संजय गाँधी, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डियन के प्रत्याशी डॉ0 शिवशंकर इण्डियन, अपना देश पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मावूद, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश, आजाद पार्टी के प्रत्याशी गिरीश लाल, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ व उदयराज वर्मा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुरूप सभी को चुनाव चिन्ह आवंटित किये गये हैं, जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका संजय गाँधी का चुनाव चिन्ह कमल, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद का चुनाव चिन्ह साइकिल, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा का चुनाव चिन्ह हाथी, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डियन के प्रत्याशी डॉ0 शिवशंकर इण्डियन का चुनाव चिन्ह कैंची, अपना देश पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल मावूद का चुनाव चिन्ह प्रेशर कुकर, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश का चुनाव चिन्ह कटहल, आजाद पार्टी के प्रत्याशी गिरीश लाल का चुनाव चिन्ह फूलगोभी, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ का चुनाव चिन्ह बाल्टी व उदयराज वर्मा का चुनाव चिन्ह एअरकंडीस्नर आवंटित किया गया है।

## अवैध शराब व लहन बरामद, पकडेट गए कारोबारी पर अभियोग पंजीकृत

सुल्तानपुर (आरएनएस)। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश व जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुभाष चंद्र सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम मय स्टाफ अरविंद कुमार वर्मा आबकारी सिपाही, शशि प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद इरफान एवं संजय कुमार श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–4 लंभुआ मय स्टाफ विजय बहादुर सरोज आबकारी सिपाही के साथ ग्राम चुनहा थाना कोतवाली नगर में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, मौके पर लगभग 200 किलोग्राम लहन नष्ट कर, 01अभियोग पंजीकृत करते हुए आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार कार्यवाही की गई। इस तरह प्रवर्तन की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया कि लोस चुनाव के चलते आबकारी विभाग लगातार क्षेत्रों में तलाशी व छापेमारी अभियान चला रहा है। अवैध शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है।

## आप कभी और कही हो मुश्किल में, दरवाजे मदद के लिए रहेंगे खुलेः मेनका

सुल्तानपुर (आरएनएस)। नवीं बार लोकसभा पहुंचने के लिए सुल्तानपुर से लगातार दूसरी बा चुनावी प्रचार अभियान में उतरी बीजेपी की सिटिंग सांसद मेनका गांधी पूरी रौ में हैं। रोजाना क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से भी ज्यादा नुक्कड़ सभाओं में मतदाताओं से वे सीधे रूबरू हो रही हैं और जनत से सीधे जुड़े मुद्दे उठा रही हैं।गुरुवार को उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत राष्ट्र गौरव महाराण प्रताप की 485 वीं जयंती पर क्षत्रियभवन परिसर में उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करके की। उन्हों कहा महाराणा हमारे संपूर्ण समाज और देश के गौरव हैं।महापुरुषों को किसी भी जाति और कौम व खांचे में नहीं बांधना चाहिये। वे संपूर्ण समाज के आदरणीय होते हैं।मैं कोई भी सेवा कार्य, विकार कार्य जाति धर्म या कौम देखकर नहीं करती। सभी बराबर हैं मेरी नजर में। श्रीमती गांधी ने कह कि सुल्तानपुरवासियों से 'मैंने जो कहा सो किया। हवाई दावे करना मेरी आदत नहीं। आगे भी ज कहूंगी वो करूंगी। सुल्तानपुर के सभी लोग मेरे अपने हैं। सांसद मेनका ने कैंपेन के 34 वें दिन इसौलि विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा इस बार किसान सहकारी चीन मिल का विस्तारीकरण प्राथमिकताओं में होगा। फिलहाल इस बार चीनी मिल ठीक से चली हैं। गन्न किसानों की पर्ची दोगुनी कराई गई। गन्ना किसानों का पेमेंट भी समय से हों गया। मुख्यमंत्री द बार जिले में आए। मैंने दोनों बार चीनी के विस्तारीकरण की मांग पूरी ताकत से रखी। इस बार चीन मिल का जीर्णोद्धारधविस्तारीकरण के लिए पूरी कोशिश करूंगी कि हो जाए। उन्होंने बताया कि गन्न किसानों को कोई दिक्कत न हो इसके लिए चीनी मिल परिसर में 20 लाख की सांसद निधि से हाल बैठने का शेड व सामुदायिक शौचालय व स्नानघर बनवाया। उन्होंने अपने विकास कार्यों की विस्ता से चर्चा करते हुए बताया कि संसदीय क्षेत्र में 600 करोड़ की लागत से बिजली के जर्जर तारों क बदलकर केबिल लगाने आदि का काम हो रहा है।700 ट्रांसफार्मर का उच्चीकरण कराया गया। श्रीमत गांधी ने कहा पिछले 5 सालों में मैंने सबकी मदद की है। उन्होंने कहा आप कभी और कही भी मुश्किल में हो हमारे दरवाजे मदद के लिए खुले रहेंगे।

## सालो पहले टूटा अवैध शराब का सिंडिकेट फिर से हुआ एक्टिव

### दुकान खुलने के समय से पहले कैसे दुकान से मिल गई शराब की बोतलें

सुलतानपुर। चुनाव शुरू होते ही सक्रिय हुए शराब माफिया, आबकारी विभाग का नेटवर्क हुअ फेल। 'शराब पीने से तीन लोग गंभीर रूप से बीमार। तीनो को गम्भीर हालत में जिला अस्पता लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। वर्षों बाद आबकारी विभाग का नेटवर्क फेल होता नज आ रहा है। शराब पीने से तीन लोगों की बीमारी इस बात की पुष्टि करता 'है कहीं ना कहीं चुना आते शराब माफिया सक्रिय हो चुके हैं। जबकि यूपी में योगी सरकार बनते ही शराब माफियाओं प अंकुश लगते हुए देशी, अंग्रेजी व बियर की हर बोतलों पर स्कैनर लगाया गया था। जिसके लि विभाग ने स्कैनर मशीन भी लाइसेंस धारियों को उपलब्ध 'कराई थी। ताकि स्कैन कर के शराबों क



दुकानदारो के द्वारा बेची जाए। लेकिन शराब पीने से गंभीर रूप से बीमार हुए तीन लोगों की बा इस बात की पुष्टि करता है ना तो दुकानदार द्वारा स्कैनर से स्कैन कर के शराब नही बेची जा रह है। विदित हो कि मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कालीगंज स्थित देशी शराब की दुकान से बताय जाता है कि आज सुबह तीन लोगों ने शराब की' तीन बोतले ली जिसके पीने के बाद खून की उल्टिय शुरू हो गई। हालत नाजुक देखते हुए आसपास के लोगो ने तीनों को प्राथमिक उपचार के लि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां हालत नाजुक देखते हुए तीनो को जिला चिकित्सालय रेफ कर दिया। वहीं 'बताया जाता है कि इस लाईसेंसी शराब के लाइसेंसधारी श्रीकांत वर्मा हैं। पहले भ चर्चा में रह चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि चर्चा यह भी है कि आबकारी मकहमे के इंस्पेक्टर महेंद्र वम जो कि इसी जनपद में उनकी ससुराल है जिसके चलते चर्चा है कि सजातीय होने के चल जयसिंहपुर ही नही' जनपद में चल रहे सजातीय लाइसेंसधारियों पर हस्तप्रभ बना हुआ है। जिसर यह आशंका है कि कहीं ना कहीं ऐसे लाईसेंसधारियों के ठेके पर अवैध शराब की बिक्री की जा रह है। बहारहाल वर्षो पूर्व तत्कालीन पुलिस कप्तान रहे अनुराग वत्स के कार्यकाल में जनपद में क अवैध शराब कारोबार पर छापा पड़ चुका है। लेकिन इन दिनों अवैध शराब माफियाओं पर शिकंज न कसना कहीं ने कहीं आबकारी व पुलिस विभाग की सहभागिता दिखती नजर आ रही है। इन सा सवालों के जवाब का जिमेदार कौन जिला प्रशासन या आबकारी अधिकारी।

## माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेश प्रक्रिया सम्पन्न

अयोध्या(आरएनएस)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत जनपद में आगामी 20 मई 2024 क 54–फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (4 विधानसभायें–अयोध्या, बीकापुर, मिल्कीपुर, रूदौली) तथा 2 मई 2024 को 55–अम्बेडकर नगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (विधानसभा गोसाईगंज) में मतदान क प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व निष्पक्षता से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाच अधिकारी नितीश कुमार, सामान्य प्रेक्षक 54–फैजाबाद पी0 आकाश, सामान्य प्रेक्षक 55–अम्बेकरनग सुहर्ष भगत, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्उपजिलाधिकारी बीकापुर ध्रुव खाडिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह, जिला सूचन विज्ञान अधिकारी आर0एस0 चौहान की उपस्थिति में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के वीडियो कांफ्रेंसिं कक्ष में मतदान कार्मिकों एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेण्डमाइजेश प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। जिल निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद की पांचों विधानसभाओं में कुल 2034 बूथ (271–रूदौली म 373 बूथ, 273–मिल्कीपुर में 414 बूथ, 274–बीकापुर में 410 बूथ, 275–अयोध्या में 400 बूथ तथ 276–गोसाईगंज में 437 बूथ) के सापेक्ष 2239 पोलिंग पार्टियों के 8956 मतदान कार्मिकों (प्रत्येक बू पर 04 मतदान कार्मिक) तथा 171 माइक्रो आब्जर्बर के सापेक्ष 206 माइक्रो आब्जर्बरों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया। उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रत्येक बूथ के 0 मतदान कार्मिकों (पीठासीन, मतदान कार्मिक प्रथम, द्वितीय व तृतीय) में से मतदान कार्मिक द्वितीय हे महिला कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गयी है। इससे पूर्व ही 08 मईको अपरान्ह में जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी नितीश कुमार, निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक पी0 आकाश राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियोंध्प्रत्याशियों के समक्ष 54–फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की समस्त विधानसभाओं में प्रयुक्त होने वाली ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैड का द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया

## मतदान कार्मिक सुविधा केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

अयोध्या(आरएनएस)। लोकसभा चुनाव के लिए जनपद की पांच विधान सभाओं में नियुक्त मतदा कार्मिक प्रशिक्षण स्थल साकेत महाविद्यालय पर बने सुविधा केन्द्र पर पोस्टल बैलेट से मतदान क सकेंगे। इस हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से विधानसभा वार सुविधा केन्द्र स्थापित करा गये है। विधानसभावार एक–एक टीमें लगायी गयी है प्रत्येक टीम के साथ एक–एक असिस्टेशन अधिकारी व एक–एक वीडियोग्राफर भी लगाये गये है। इसी प्रकार मा0 भारत निर्वाचन आयोग व निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदा सुनिश्चित कराने हेतु घर–घर जाकर मतदान सुनिश्चित कराने हेतु जनपद में विधान सभावार 2 पोलिंग पार्टियां यथा–विधानसभा रूदौली हेतु 04 पोलिंग पार्टियां, विधानसभा मिल्कीपुर व बीकापुर हे 03–03 पोलिंग पार्टियां तथा विधानसभा अयोध्या व गोसाईगंज हेतु 05–05 पोलिंग पार्टियां बनायी गय है।

# संपादकीय

## झूठ फैलाने का आरोप

देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के पूर्व तथा वर्तमान कुलपतियों समेत तकरीबन दो सौ शिक्षाविद् ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चिट्ठी लिखी है जिसमें उनके एक बयान के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

इस खुली चिट्ठी में विश्वविद्यालय के प्रमुख पद की नियुक्ति प्रक्रिया पर कांग्रेस नेता पर झूठ फैलाने का आरोप है। राहुल के दावों को खारिज करते हुए उन्होंने दावा किया कि कुलपतियों के चयन की प्रक्रिया पारदर्शी है जिसमें योग्यता, विद्वत विशिष्टता और निष्ठा के मूल्य समाहित हैं। यह विवाद राहुल के आरोप के बाद पैदा हुआ। उनके अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में नियुक्ति में हिन्दूवादी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्धता प्रमुख आधार है।

यह विवाद ऐसे वक्त पैदा हुआ है, जब लोक सभा के चुनाव चल रहे हैं। कहना गलत नहीं है कि कुलपतियों की नियुक्ति सत्ताधारी दलों के हितों पर ही केंद्रित रही है। कुलपति ही नहीं, शिक्षकों के चयन में भी वैचारिक झुकाव को प्राथमिकता दी जाती है। फिर भी शैक्षणिक संस्धानों के उच्च पदों पर बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि निजी राय को सार्वजनिक करने से बचें। मोदी सरकार के सत्ता में आने से पूर्व आरोप लगते थे कि वामपंथी विचारधारा वालों को तरजीह दी जाती है।

चुनाव के दरम्यान राजनीतिक दल और राजनेता एक–दूसरे पर कटाक्ष करने से नहीं चूकते। यह लोकतंत्र है, यहां सारा इख्तियार जनता जनार्दन के हाथ में होता है। बावजूद इसके समझदारी यही है कि सार्वजनिक रूप से कमर के नीचे वार करने से बचा जाए। जब तक हाथ में किसी तरह के साक्ष्य न हों, आरोप–प्रत्यारोप से बचने का प्रयास होना चाहिए। बीते हफ्ते ही एक नामी निजी विश्वविद्यालय के छात्रों का प्रदर्शन मखौल बन गया। हमारे शिक्षण संस्थान अपना स्तर उठाने की बजाय बेतुके कारणों से चर्चा का केंद्र बन रहे हैं। यदि संस्थानों के शीर्ष पदाधिकारी अपने सम्मान की रक्षा के लिए उचित कदम नहीं उठाएंगे तो छात्रों के समक्ष बेहतरीन उदाहरण पेश करने में असफल कहलाएंगे परंतु अपवादस्वरूप इन आरोपों में तनिक भी सच्चाई है और इन उच्च और सम्मानित पदों के बंटवारे में पक्षपात हुआ है, तो यह नौजवानों को गलत संदेश देने वाला साबित हो सकता है। बेहतर होता कि शिक्षाविद विश्व की विश्वविद्यालय क्रम–सूची में आने के प्रयास करते नजर आते, नकि अपनी निष्ठा किसी दल विशेष या राजनेता में जताने की मशक्कत में एकजुट होते।

## क्षमता विकसित करने के पर्याप्त अवसर मिलें

भारत उन देशों में है जहां जनसंख्या के आयु वर्गीकरण के आधार पर युवा शक्ति का प्रगति में अधिक योगदान अपेक्षित है।

इन संभावनाओं को भरपूर प्राप्त करने के लिए यह जरूरी है कि युवाओं को इस प्रगति के अनुकूल अपनी क्षमता विकसित करने के पर्याप्त अवसर मिलें। इसके लिए शिक्षा और कौशल विकास के बेहतर अवसर तो जरूरी हैं ही, पर इसके साथ युवा सोच को ऐसी दिशा देना भी जरूरी है जो सामाजिक आर्थिक प्रगति के अनुकूल हो।

यह इस समय और भी जरूरी हो जाता है जब युवाओं के सामने तरह–तरह के अनिश्चय की स्थितियां उपस्थित हैं। एक ओर बेरोजगारी की समस्या है और योग्यता तथा अपेक्षा के अनुकूल रोजगार न मिल पाने की समस्या है। दूसरी ओर, कुछ अन्य स्तर पर भी अनिश्चय और भटकाव है। आखिर, ऐसी क्या बात है कि पंजाब–हरियाणा जैसे अपेक्षाकृत समृद्ध क्षेत्रों में भी अनेक खाते–पीते परिवारों के युवक भी किसी तरह विदेश जाने से ही अपनी उम्मीदें जोड़ कर बैठ गए हैं। 'डंकी' मार्ग के अनेक खतरों को उठाना मंजूर है, इसके लिए परिवार को कर्जग्रस्त होना मंजूर है, पर विदेश जाना एक जिद बन गई है जबकि आसपास के परिवेश से जुडकर एक बेहतर जीवन तलाशने का विकल्प स्वीकार्य नहीं है। इस तरह की स्थितियों से लगता है कि एक ओर शिक्षा और रोजगार की स्थिति से जुड़ी हुई समस्याएं हैं तो दूसरी ओर कुछ अन्य तरह का भटकाव और अनिश्चय भी है। इस कारण अनेक तनाव भी बढ़ सकते हैं और नशे जैसी तबाही की ओर झुकाव बढ़ सकता है। इन समस्याओं के बीच समाधान की एक बड़ी राह यह है कि कुछ बुनियादी मूल्यों और प्रतिबद्धताओं को युवाओं में प्रतिष्ठित किया जाए और उनकी सोच को इसके अनुकूल बताया जाए। यह सच है कि अधिकांश युवाओं के लिए रोजगार और आजीविका की सोच प्रमुख है, पर आगे चुनौती यह है कि इसके साथ एक बेहतर समाज बने और युवाओं को इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका में कैसे जोड़ा जा सकता है।

युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए कि छात्र जीवन से ही वे इस बारे में अधिक सोचें कि उनकी प्रतिभाएं अधिक विकसित किस क्षेत्र में हो सकती हैं और किस तरह आसपास के समाज से जुड़ सकती हैं। इस तरह उनकी रचनात्मकता कहीं बेहतर ढंग से उभर सकेगी और समाज की भलाई से भी जुड़ सकेगी। इस पर अनेक युवा कहेंगे कि इस तरह की नौकरी न मिले (जिसमें अपनी रचनात्मक प्रतिभा और समाज की बेहतरी का मिलन हो) तो क्या करें। केवल नौकरी ही सब कुछ नहीं है, स्वरोजगार की भी अनेक संभावनाएं हैं, मित्रों–साथियों के साथ मिल कर भी कार्य करने की अनेक संभावनाएं हैं। जरूरत इस बात की है कि इस बारे में खूब सोच–विचार करें, जांच पड़ताल करें, अध्ययन करें और मित्रों, साथियों, अनुभवी व्यक्तियों, अभिभावकों से विमर्श करें कि अपनी प्रतिभा, क्षमता और सामाजिक भलाई के मिलन के आधार पर कैसे आगे बढ़ा जाए। यदि डाक्टर बनना है तो निर्धन लोगों की सेवा में अधिक जुड़ा जाए, यदि अध्यापक बनना है तो शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दिए जाएं, यदि पंचायत सदस्य बनना है तो पूरे गांव की भलाई से जुड़ा जाए, यदि किसान बनना है तो पर्यावरण की रक्षा वाली खेती की जाए। यह प्रक्रिया अपने आप इतनी रचनात्मक है कि इसमें गुजरते हुए ही युवाओं की क्षमता और समझ बहुत बढ़ती है और वे बेहतर इंसान भी बनने लगते हैं। इस सोच और विमर्श से गुजरते हुए ही युवाओं की अपने वर्तमान और भावी जीवन के बारे में कुछ ऐसे संकल्प बना लेने चाहिए जो उन्हें बेहतर जीवन और समाज की राह पर चलने में बहुत मदद करेंगे। पहली बात तो यह है कि सभी तरह के नशे से दूर रहने का संकल्प कर लिया जाए। अपने स्तर पर तो यह कर ही लिया जाए और हो सके तो नजदीकी मित्रों और साथियों को साथ लेकर भी यह संकल्प कर लिया जाए। शराब ड्रग्स, सिगरेट–बीड़ी, गुटका आदि सभी तरह के नशों को जीवन भर के लिए त्याग देना चाहिए। खान–पान, आचार, व्यवहार सभी में बेहतर स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना होगा क्योंकि अच्छे स्वास्थ्य के बिना कोई भी बड़ा संकल्प प्राप्त करने में अनेक कठिनाइयां आती रहती हैं। सुरक्षा का, किसी एक्सीडेंट या दुर्घटना से बचाव का अपने और परिवार के स्तर पर बड़ा ध्यान रखना चाहिए, इसके लिए जरूरी सावधानियां अपनानी चाहिए। युवाओं को अपने परिवार की भलाई से भरपूर जुडना चाहिए। आगे उनका विवाह होता है, तो अपने नये परिवार के प्रति पूरी निष्ठा जीवन भर रखनी चाहिए। युवाओं के लिए यह विशेष तौर पर जरूरी है कि महिलाओं का पूरा सम्मान करें और अपनी पत्नी (या किसी भी अन्य महिला के प्रति) कभी भी हिंसा या अत्याचार न करें।

# भारत जेनोफोबिक नहीं बसुधैव कुटुंबकम का प्रबल पक्षधर, अपनी गिरेबां में झांकें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन



बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि– चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? प्राचीन काल से ही श्वसुधैव कुटुंबकमश और श्सर्वे भवंतु सुखिनःश जैसा उदात्त विचार रखने वाले भारत को यदि कोई जेनोफोबिक यानी विदेशियों से द्वेष रखने वाला ठहराए, तो ये उसकी अपनी मर्जी है, खुदगर्जी है। जी हां, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले दिनों वाशिंगटन में प्रवासियों की एक बैठक में जब यह कहा कि भारत, चीन, जापान और रूस की जेनोफोबिक (विदेशियों से द्वेष वाली) प्रकृति उनकी आर्थिक समस्याओं के लिए जिम्मेदार है, तो दुनिया के थानेदार की रणनीतिक विवशता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रही थी। उनकी इस टिप्पणी के गहरे सियासी मायने हैं, जिन्हें वैश्विक कूटनीति के लिहाज से समझने की जरूरत है। क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति जब कुछ बोलता है तो वह अनायास नहीं होता, बल्कि रणनीतिक होता है, जिसके शब्द–शब्द में दुनियावी संघर्ष के सूत्र और पारस्परिक जद्दोजहद के भाव चतुराई पूर्वक गूंथे गए होते हैं। बाइडन का यह कहना कि यदि रूस और चीन के साथ जापान प्रवासियों को अधिक अपनाएगा तो आर्थिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से सवालिया लहजे में पूछा भी कि– चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रूक गया है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? रूस और भारत क्यों परेशान हैं? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे प्रवासी नहीं चाहते। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय मामलों के जानकार बताते हैं कि अमेरिका तो शुरू से ही प्रवासियों की भूमि रही है। जब ब्रिटिश साम्राज्य में सूरज अस्त नहीं होता था, तब से अमेरिका खुद को मजबूत बना रहा था। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ग्रेट ब्रिटेन का रुतबा कम होने लगा और उसके अभिन्न मित्र के रूप में अमेरिका का प्रभुत्व बढ़ने लगा। हालांकि जब यूएसए और यूएसएसआर (सोवियत संघ) यानी अमेरिका और रूस में शीतयुद्ध बढ़ा और भारत जब रूस के करीब आया तो अमेरिका ने चीन–जापान से नजदीकियां बढ़ा लीं। वहीं, भूमंडलीकरण और नई आर्थिक नीतियों के चलते जब सोवियत संघ बिखर गया और रूस अपेक्षाकृत कमजोर पड़ गया तो अमेरिका ने भारत पर भी डोरे डाले और रूस–चीन की नजदीकियां बताकर भारत के अभिन्न मित्र बनने का स्वांग रचने लगा। इन तमाम रणनीतिक कसरतों के पीछे अमेरिका का सिर्फ और सिर्फ यही उद्देश्य है कि वह दुनिया का थानेदार बना रहे। वहीं, बदलते वैश्विक परिवेश में जब भारत में मोदी सरकार आई और पिछले एक दशक में ताबड़तोड़ रणनीतिक और कूटनीतिक फैसले लेते हुए भारतीय गुटनिरपेक्षता के सिद्धांत को मजबूती पूर्वक अपनाए रखा और अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्धों में भारतीय हितों को तरजीह देना शुरू किया तो अमेरिका, चीन और रूस का नजरिया भारत के प्रति बदलने लगा। फ्रांस और जापान से भारत के मजबूत रिश्ते भी कइयों को चुभने लगे। यह कड़वा सच है कि एक तरफ रूस यूक्रेन में अमेरिकी चाल में फंस गया तो दूसरी तरफ चीन ताइवान में फंसने को तैयार बैठा है, जबकि भारतीय नेतृत्व ने सूझबूझ से काम लिया और चीन–पाकिस्तान से जुड़े अमेरिकी गेम प्लान में फंसने से इंकार कर दिया। यहीं से अमेरिकी नेतृत्व भारत से चिढ़ने लगा और हाल के दिनों में अपनी अटपटी बयान बाजियों से यह संकेत देने लगा कि वह भारत और उसके मित्र जापान को भी रूस और चीन के तराजू पर ही तौलना चाहता है, जो उसकी रणनीतिक भूल है। भारत का मित्र देश इजरायल जब फिलिस्तीन संघर्ष में उलझा तो अमेरिकी इफ एंड बट से उसे मजबूती नहीं बल्कि कमजोरी मिली। इससे साफ है कि एक मित्र के रूप में दुनिया का थानेदार अमेरिका किसी का भरोसेमंद नहीं है। पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक उसकी चालें किसी से छिपी हुई नहीं हैं। ऐसे माहौल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अर्थव्यवस्था के बहाने ही सही, लेकिन भारत समेत रूस, चीन और जापान पर निशाना साधना यह जाहिर करता है कि रूस से लेकर चीन तक और ईरान से लेकर अफ्रीका तक विभिन्न मोर्चे पर घिरे अमेरिका के पास अब मित्रों के साथ शत्रुओं सरीखा व्यवहार करने के अलावा कोई चारा नहीं बचा है। ऐसा इसलिए कि उसके मित्र देश अमेरिकी हथियार लॉबी की चालों में अब और फंसना नहीं चाहते। शायद इसलिए उन्हें प्रवासियों की याद आई है, जो अमेरिका के चुनाव में इस बार भी अहम भूमिका निभाने को बेताब नजर आ रहे हैं। इन प्रवासियों को ही सम्बोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, ष्आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं। हम इसके बारे में सोचते हैं। ऐसा इसलिए कि प्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। यह कोई मजाक नहीं है। यह अतिशयोक्ति नहीं है। हमारे पास ऐसे श्रमिकों की आमद है, जो यहां रहना चाहते हैं और सिर्फ योगदान देना चाहते हैं। गौरतलब है कि प्रवासियों

# पहले आम चुनाव में बलिया ने दिखवाए बागी तेवर

आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे–तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती। आम चुनावों के बीच तमाम तरह से मुद्दे छाये हुए हैं.. कुछ जगहों पर बाहरी उम्मीदवार को लेकर स्थानीय वोटर और पार्टी कार्यकर्ता नाराज हैं। ऐसी कहानियां तमाम पार्टियों की हैं। कभी पार्टी अनुशासन का भय दिखाकर तो कहीं पुचकार कर कार्यकर्ताओं को मनाया जा रहा है। ताकि वे समर्थक वोटरों को मतदान केंद्र तक ला सकें। लेकिन कई जगह वोटरों को मनाना पार्टियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। तो कई जगहों पर बाहरी उम्मीदवार के पीछे स्थानीय कार्यकर्ता अभिभूत नजर आ रहे हैं। जितनी भारत की संस्कृति विविधरंगी है, जितना बहुरंगी अपना समाज है, उतने ही रंग चुनाव में भी दिख रहे हैं। आजादी के बाद का पहला ही चुनाव था..आजादी के आंदोलन की अगुआ रही कांग्रेस की पूरे देश में तूती बोल रही थी। तपे–तपाए नेताओं के आभामंडल से भारतीय राजनीतिक क्षितिज दैदीप्यमान था, इसके बावजूद पंडित नेहरू देश की राजनीतिक धुरी बने हुए थे..चुनावों में नेहरू जहां भी जाते, वहां भीड़ लग जाती। लेकिन उसी नेहरू की बात को बलिया ने एक नहीं सुनी। ठीक उसी अंदाज में कांग्रेसी आलाकमान से बगावत कर दिया, जिस अंदाज में एक दशक पहले अंग्रेजों से बलिया का शासन छीन लिया था।




दूसरे आम चुनाव में पंडित नेहरू ने गोविंद मालवीय को बलिया में कांग्रेस का उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया था। गोविंद मालवीय कोई मामूली शख्सियत नहीं थे। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, कांग्रेस और हिंदू महासभा के अध्यक्ष रहे पंडित मदनमोहन मालवीय के बेटे थे। गोविंद मालवीय की भी ख्याति मशहूर शिक्षाविद् के रूप में थी। नेहरू को लगा कि महामना मालवीय की प्रतिष्ठित विरासत और कांग्रेसी साख के साथ गोविंद मालवीय बलिया से चुनावी नैया पार लगा ले जाएंगे। नेहरू ने तब बलिया के कांग्रेस नेताओं से सलाह लेना भी उचित नहीं समझा। बलिया के वरिष्ठ पत्रकार अशोक जी बताते हैं कि दरअसल बलिया की कांग्रेस कमेटी ने पहले चुनाव की उम्मीदवारी के लिए दो लोगों मुरली मनोहर श्रीवास्तव और उनके पिता और मशहूर पत्रकार दुर्गा प्रसाद गुप्त के नाम सुझाए थे। लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने संविधान सभा के सदस्य रहे और कुछ ही दिन पहले काशी हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति पद से हटे गोविंद मालवीय को उम्मीदवार बना दिया। बलिया के लोगों को यह नागवार गुजरा। उन्हें गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी मंजूर नहीं हुई। ऐसा नहीं कि बलिया के लोग महामना मालवीय को नहीं जानते थे। ऐसा भी नहीं कि गोविंद मालवीय के बारे में स्थानीय लोगों को पता नहीं था। लेकिन बलिया को बाहरी उम्मीदवार मंजूर नहीं था। बलिया के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के तत्कालीन आलाकमान के सामने स्थानीय उम्मीदवार देने की मांग रखी। लेकिन उनकी मांग नकार दी गई। नेहरू ने गोविंद मालवीय की उम्मीदवारी हटाने से इनकार कर दिया। बलिया के लोगों को यह बात नागवार लगी। बयालिस के आंदोलन में अंग्रेजों से आजादी हासिल कर लेने वाले बलिया के लोगों को बाहरी उम्मीदवार पसंद नहीं आया। बलिया के गांवों, चट्टी–चौराहों पर बाहरी उम्मीदवार की चर्चा आम हो गई। गोविंद मालवीय से लोगों को निजी तौर पर किसी को एतराज नहीं था। लेकिन बलिया को ऐसा लगा कि बाहरी उम्मीदवार एक तरह से उनके स्वाभिमान को चुनौती है। बलिया में बाहरी बनाम स्थानीय की चर्चा आम हो गई। गांव–गांव एक राय बनती चली गई कि स्थानीय उम्मीदवार को ही वोट देना है। बलिया के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं पर स्थानीय उम्मीदवार देने का दबाव बढ़ने लगा। इस दबाव में कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने उम्मीदवार की खोज शुरू की और उसकी निगाह जाकर बलिया के प्रतिष्ठित वकील मुरली मनोहर लाल पर टिक गई। मुरली मनोहर लाल को स्थानीय लोग मुरली बाबू के नाम से जानते थे। मुरली बाबू की वकील के रूप में प्रतिष्ठा थी। 1942 में बलिया पर कब्जा करने के बाद अंग्रेज सरकार ने लोगों पर खूब अत्याचार किए। लोगों के खिलाफ तमाम तरह के मुकदमे दर्ज किए गए। संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। लोगों की इस पीड़ा की कहानी फिरोज गांधी तक पहुंची। फिरोज गांधी ने बलिया का दौरा किया था। तब सड़कें नहीं थी, आवागमन के साधन नहीं थे। तब फिरोज गांधी तांगे से पीड़ितों के पास पहुंचे। लोगों पर हुए अत्याचार और नुकसान की रिपोर्ट तैयार की। उसके बाद उन्होंने मुरली बाबू की अगुआई में वकीलों का एक समूह तैयार किया, जो लोगों पर हुए अंग्रेजी शासन के अत्याचार को अदालत में चुनौती दे सके। फिरोज गांधी से मिली जिम्मेदारी का मुरली बाबू ने पूरी शिद्दत से निभाया था। इस वजह से भी बलिया में उनकी प्रतिष्ठा थी। उस दौर के लोग बताते हैं कि शुरू में मुरली बाबू चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हुए। लेकिन जन दबाव में उन्होंने चुनावी मैदान में उतरना स्वीकार किया और कांग्रेस के आधिकारिक उम्मीदवार गोविंद मालवीय के खिलाफ ताल ठोक दिया। गोविंद मालवीय के सम्मान में कांग्रेसी दिग्गजों की बलिया में सभा भी हुई। लेकिन बाहरी बनाम स्थानीय का मामला नहीं थमा। यह मामला इतना तूल पकड़ा कि गोविंद मालवीय चुनाव हार गए। निर्दलीय लड़े मुरली मनोहर लाल चुनाव जीत गए। आजादी के बाद के पहले ही चुनाव में बलिया ने अपना बागी रूख दिखा दिया।

## आज का राशिफल

मेष राशि रूआज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका काफी दिनों से रुका काम पूरा होगा आपको रिलैक्स फील होगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, जल्द ही आप करियर में नया मुकाम पाने वाले हैं। खासतौर पर साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। आज माता–पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते हैं।

वृष राशि रू आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो छात्र कॉलेज में नए प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं, वो जल्द ही अपनी तैयारी पूरी कर लेंगे। शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा। आज कोई भी काम करते समय आपको बुजुर्गों का आशीर्वाद जरुर लेना चाहिये। इससे आपको काम में मदद मिलेगी।

मिथुन राशि रू आज आपका दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज कुछ लोग आपसे किसी काम के लिए मदद मांग सकते हैं। परिवार में आपके गुणों की तारीफ हो सकती है। किसी नई तकनीक को अपनाने से आपके व्यापार में इजाफा होगा।

कर्क राशि रू आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नए लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए। आज आपके ऑफिस में काम को लेकर कोई आपकी शिकायत कर सकता है। आपको अपनी हर चीज परफेक्ट रखनी चाहिए चाहे वो कोई भी काम हो। अगर आप किसी नए काम की शुरुआत करने जा रहे हैं तो काम में बड़ों की सलाह लेना बेहतर रहेगा। खुद को फिट रखने के लिए आपको योगा करना चाहिए।

सिंह राशि रू आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष काम की ओर आपका झुकाव हो सकता है, आप अपना पूरा दिन पसंदीदा काम करके गुजारेंगे। आज करियर के मामले में चीजें बेहतर होने के आसार हैं। आज सेहत के प्रति आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

कन्या राशिरू आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी तरह के कानूनी मामले में दोस्तों की मदद मिलेगी। जिससे दोस्तों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज आप परिवार वालों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे, जिसमें आप काफी हद तक सफल भी होंगे।

तुला राशि रू आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि रू आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज आपको कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं यह खुशी आपके घर में बेटे के करियर को लेकर हो सकती है। आज ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसे पूरा करके आपको भी खुशी होगी। आज की शाम परिवार वालों के साथ बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। आपको माता–पिता के साथ किसी समारोह में जा सकते हैं।

धनु राशि रू आज का दिन आपके जीवन में नई खुशियां लेकर आया है। आज किसी काम के सिलसिले से की गई यात्रा फायदेमंद रहेगी। साथ ही समाज में आपका मान–सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी रिश्तेदार के आगमन से घर में खुशी का माहौल बनेगा, साथ ही आज आपकी मुलाकात कुछ खास लोगों से होगी।

मकर राशि रू आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढिया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिए दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमाने का है।

कुंभ राशि रू आज आपका दिन ताजगी से भरा रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ आप कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आज कार्यक्षेत्र में लोगों से हर तरह का सहयोग मिलेगा। कुछ दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आपको अचानक कुछ ऐसा हासिल हो सकता है, जिसकी आपको वर्षों से तलाश थी।

मीन राशि रू आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज किसी जरूरी काम में आपको भाई–बहनों का सपोर्ट मिलेगा। अपने परिवार वालों के साथ आप कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठाएंगे। करियर में तरक्की के रास्ते खुल सकते हैं। आज आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना चाहिए और आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है। आप किसी मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं, आपकी दोस्ती मजबूत होगी।

# जोवाइडन ने दी इजराइल हथियार न सप्लाई करने की015मकी, पलटवार में ने कहा– बहुत निराशाजनक बयान

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह इजराइल को ऐसे हथियारों की आपूर्ति नहीं करेंगे जिनका इस्तेमाल वह रफह पर हमले के लिए कर सकता है। रफह को गाजा में हमास का अंतिम मुख्य गढ़ माना जा रहा है और वहां 10 लाख से ज्यादा आम नागरिकों ने शरण ली हुई है। इजरायल के दो शीर्ष अधिकारियों ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की इस बात के लिए आलोचना की कि अगर उन्होंने गाजा के भीड़भाड़ वाले शहर राफा पर हमला किया तो इजरायल को कुछ हथियारों की आपूर्ति रोक दी जाएगी। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने बाइडेन की चेतावनी पर इजराइल की पहली प्रतिक्रिया में सार्वजनिक रेडियो पर कहा, "यह उस राष्ट्रपति से सुनना एक कठिन और बहुत निराशाजनक बयान है जिसके हम युद्ध की शुरुआत से ही आभारी रहे हैं।" इजराइल ने रफा के पूर्वी इलाकों में टैंक भेजकर और ष्लक्षित छापेष चलाकर अंतरराष्ट्रीय आपत्तियों को खारिज कर दिया है। इसमें कहा गया है कि राफा हमास की आखिरी बची हुई बटालियनों का घर है, लेकिन मिस्र की सीमा पर स्थित शहर भी विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिकों से भरा हुआ है।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह इजराइल को ऐसे हथियारों की आपूर्ति नहीं करेंगे जिनका इस्तेमाल वह रफह पर हमले के लिए कर सकता है। रफह को गाजा में हमास का अंतिम मुख्य गढ़ माना जा रहा है और वहां 10 लाख से ज्यादा आम नागरिकों ने शरण ली हुई है। बाइडन ने 'सीएनएन' के साथ साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका अब भी इजराइल की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उसे रॉकेट को बीच में ही मार गिराने वाली प्रणाली तथा अन्य रक्षात्मक हथियारों की आपूर्ति करेगा लेकिन अगर इजराइल रफह में कार्रवाई करता है तो ''हम हथियारों और गोला बारूद की आपूर्ति नहीं करेंगे।'' अमेरिका ने हमास के खिलाफ युद्ध में




इजराइल को भारी सैन्य सहायता प्रदान की है। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए अप्रत्याशित हमले के बाद अमेरिका ने इजराइल को दी जा रही मदद को और बढ़ाया। हमास के हमले में 1200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोगों को इस्लामिक चरमपंथियों ने बंदी बना लिया था। बाइडन का यह बयान और पिछले सप्ताह इजराइल को भारी बमों की खेप रोकने का उनका निर्णय अमेरिकी प्रशासन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के बीच बढ़ते वैचारिक मतभेद का अब तक का सबसे बड़ा संकेत है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को कहा कि रफह के आसपास इजराइल की कार्रवाई ने अभी 'सीमाएं पार' नहीं की है, लेकिन उन्होंने दोहराया कि इजराइल को अभी ऐसे कदम उठाने की जरूरत है जिससे आम नागरिकों के जीवन की हिफाजत हो। बाइडन ने सीएनएन से कहा,'' मैंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर वे रफह में प्रवेश करते हैं तो मैं हथियारों की आपूर्ति नहीं करूंगा...हालांकि उन्होंने अभी रफह का रुख नहीं किया है।'' उन्होंने कहा,'' हम इजराइल की सुरक्षा से मुंह नहीं मोड़ रहे हैं बस हम उन इलाकों में युद्ध में इजराल का साथ नहीं देंगे।

# ब्रिटेन के सुरक्षा सलाहकार से मिलेअजीत डोभाल, किया सिख कट्टरपंथ संबंधी चिंताओं का जिक्र

दोनों एनएसए साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व को पहचानते हुए, इस पहल के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए ठोस विचार–विमर्श में लगे हुए हैं। दोनों एनएसए ने आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया और क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर विचारों का आदान–प्रदान किया।ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार टिम बैरो ने गुरुवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल के साथ चर्चा की। चर्चा का केंद्रबिंदु प्रौद्योगिकी और सुरक्षा पहल के इर्द–गिर्द घूमता रहा, जो एक प्रमुख द्विपक्षीय तंत्र है जिसका उद्देश्य भारत और यूके के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग बढ़ाना है।दोनों एनएसए साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के महत्व को पहचानते हुए, इस पहल के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए ठोस विचार–विमर्श में लगे हुए हैं। दोनों एनएसए ने आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया और क्षेत्रीय और वैश्विक मामलों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। बैठक के दौरान एनएसए अजीत डोभाल ने ब्रिटेन में बढ़ते सिख कट्टरपंथ पर चिंता व्यक्त की और ब्रिटेन सरकार को खालिस्तानी तत्वों पर लगाम लगाने की जरूरत बताई। खालिस्तान समर्थक तत्वों द्वारा लंदन में हिंसक



विरोध प्रदर्शन के हालिया प्रकरणों के मद्देनजर यह मुद्दा उठाया गया था, जिसमें मार्च 2023 में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन भी शामिल था, जिनकी बाद में जून 2023 में यूके के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई थी।

# बंदलादेश की वायुसेना का एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलटों को बचाया गया




चटगांव मेट्रोपोलिटन पुलिस की बंदरगाह क्षेत्र उपायुक्त शकीला सुलताना ने बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजे कर्णफूली नदी के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पतेंगा के बोटक्लब के पास जा गिरा। बांग्लादेश के चटगांव में बृहस्पतिवार को वायुसेना का एक लड़ाकू प्रशिक्षु विमान नदी के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पैराशूट के सहारे बाहर निकले दो पायलटों को बचा लिया गया। सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है।'इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस'(आईएसपीआर) के बयान में कहा गया है, ''चटगांव के पतेंगा में बांग्लादेश वायुसेना का एक याक 130 प्रशिक्षु लड़ाकू विमान तकनीकी विफलता के चलते दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के दो पायलटों को बचा लिया गया।'' चटगांव मेट्रोपोलिटन पुलिस की बंदरगाह क्षेत्र उपायुक्त शकीला सुलताना ने बताया कि विमान स्थानीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजे कर्णफूली नदी के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पतेंगा के बोटक्लब के पास जा गिरा। सरकारी समाचार संगठन बीएसएस न्यूज के अनुसार सुलताना ने कहा कि पैराशूट की मदद से बाहर निकले दो घायल पायलटों को कम्बाइंड मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि गोताखोर, अग्निशमन कर्मी एवं बंदरगाह पर खड़े विभिन्न जहाजों के नाविक दुर्घटनाग्रस्त विमान के मलबे का पता लगाने में जुटे हैं।

# कई मौकों पर हम प्रथम मददगार रहे हैं, मालदीव के विदेश मंत्री को जयशंकर ने चुन–चुनकर गिनाए भारत के एहसान

भारतीय पक्ष ने पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के कार्यभार संभालने के बाद से चीन या उसके राजनयिक बदलाव का उल्लेख नहीं किया। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे नई दिल्ली ने अपनी पड़ोसी पहले नीति को बनाए रखा और जब भी जरूरत पड़ी द्वीपसमूह राष्ट्र की मदद करने के लिए उपस्थित रहने की नीति पर कायम है। भारत और मालदीव के विदेश मंत्रियों ने दोनों देशों के बीच संबंधों में गिरावट के बाद पहली बार राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मुलाकात की। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपने मालदीव दौरे पर आए समकक्ष मूसा जमीर का स्वागत करते हुए इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच संबंध आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर निर्भर हैं। हालांकि भारतीय पक्ष ने पिछले साल सितंबर में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के कार्यभार संभालने के बाद से चीन या उसके राजनयिक बदलाव का उल्लेख नहीं किया। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे नई दिल्ली ने अपनी पड़ोसी पहले नीति को बनाए रखा और जब भी जरूरत पड़ी द्वीपसमूह राष्ट्र की मदद करने के लिए उपस्थित रहने की नीति पर कायम है। करीबी और निकटतम पड़ोसियों के रूप में हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। जहां तक घ्भारत का सवाल है, ये हमारी पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण के संदर्भ में व्यक्त किए गए हैं। जयशंकर ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आज की हमारी बैठक हमें विभिन्न क्षेत्रों में हमारे दृष्टिकोणों के अभिसरण को मजबूत करने में सक्षम बनाएगी। जयशंकर ने कहा कि हमने पहले भी अनुकूल शर्तों पर वित्तीय सहायता दी है। भारत कई मौकों पर मालदीव के लिए प्रथम मददगार रहा है। जयशंकर ने कहा कि हमारे सहयोग ने साझा गतिविधियों, उपकरणों, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के जरिए आपके देश की सुरक्षा और भलाई को भी बढ़ाया है।



# पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में आतंकी हमले में सात मजदूरों की मौत

पाकिस्तानी चौनल जियो न्यूज ने ग्वादर पुलिस थाने के थाना प्रभारी मोहसिन अली का हवाला देते हुए बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक इमारत पर गोलीबारी की, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस हमले में मारे गए और घायल व्यक्ति इलाके में बाल काटने की दुकान में काम करते थे। कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान क्षेत्र में स्थित बंदरगाह शहर ग्वादर में बृहस्पतिवार को हुए एक आतंकी हमले में कम से कम सात मजदूरों की मौत हो गई। पाकिस्तानी चौनल जियो न्यूज ने ग्वादर पुलिस थाने के थाना प्रभारी (एसएचओ) मोहसिन अली का हवाला देते हुए बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने सुरबंदर इलाके में ग्वादर फिश हार्बर के पास एक इमारत पर गोलीबारी की, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस हमले में मारे गए और घायल व्यक्ति इलाके में बाल काटने की दुकान में काम करते थे। वे पंजाब के खानेवाल के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को ग्वादर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शवों को भी यहां भेजा गया है। अभी तक किसी भी आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने ग्वादर में हुए इस हमले में लोगों के मारे जाने की निंदा की। उन्होंने इस मामले में एक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस हमले में शामिल आतंकवादियों और उनके मददगारों को गिरफ्तार करने के लिए सभी प्रकार के बल का इस्तेमाल किया जाएगा। बलूचिस्तान के गृह मंत्री मीर जिया उल्लाह लांगौ ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि मजदूरों की हत्या करना एक कायरतापूर्ण कदम है और आतंकियों से सख्ती से निपटा जाएगा। यह घटना अज्ञात हमलावरों द्वारा बलूचिस्तान के नुश्की जिले में अलग–अलग आतंकी घटनाओं में 11 लोगों की गोली मारकर हत्या किए



# भारत के चुनाव में दखल देकर पलटना चाहता है नतीजे, दोस्त रूस ने अमेरिका को क्यों लगाई फटकार

आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि अमेरिका धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में श्निराधार आरोपश लगाना जारी रखता है। जखारोवा ने इसे भारत के लिए अपमानजनक बताया। उन्होंने आगे कहा कि (अमेरिकी आरोपों के पीछे) कारण भारत में आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करना और आम चुनावों को जटिल बनाना है। रूस ने दावा किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के संसदीय चुनावों में हस्तक्षेप करने और देश में आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने की कोशिश कर रहा है। एक मीडिया ब्रीफिंग में रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने यह भी कहा कि अमेरिका को खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून के खिलाफ नाकाम हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का विश्वसनीय सबूत देना बाकी है। भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिका की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए जखारोवा ने कहा कि अमेरिका में भारत की राष्ट्रीय मानसिकता और इतिहास की समझ का अभाव है।आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि अमेरिका धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में श्निराधार आरोपश लगाना जारी रखता है। जखारोवा ने इसे भारत के लिए अपमानजनक बताया। उन्होंने आगे कहा कि (अमेरिकी आरोपों के पीछे) कारण भारत में आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करना और आम चुनावों को जटिल बनाना है। अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में ध ार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन और कई अन्य मुद्दों पर भारत की आलोचना की है। इसने भारत और 16 अन्य देशों को धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता के अधिकार के विशेष रूप से गंभीर उल्लंघन में शामिल होने या सहन करने के लिए विशेष चिंता वाले देशों के रूप में नामित करने का आह्वान किया।विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कड़ी प्रतिक्रिया में रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण बताया और कहा कि यूएससीआईआरएफ ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में भारत विरोधी प्रचार प्रकाशित करना जारी रखा है। रूसी अधिकारी ने अमेरिका के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि एक भारतीय खुफिया अधिकारी ने कथित तौर पर गुरपतवंत सिंह पन्नून को मारने की योजना बनाई थी।




# पाकिस्तान में अब क्या नया होने वाला है? इमरान खान और आसिम मुनीर की जेल में हुई सीक्रेट मीटिंग की क्या है कहानी

खबरों की माने तो आसिम मुनीर गुपचुप तरीके से रावलपिंडी की अदियाला जेल गए थे। उन्होंने इमरान खान से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद पाकिस्तानी सेना की तरफ से बयान आया कि इमरान खान अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगे। अंदर की खबर ये है कि इमरान खान और आसिम मुनीर की डील फाइनल हो चुकी है। इमरान खान के सार्वजनिक तौर पर माफी मांगते ही पाकिस्तान की सेना उन्हें सत्ता में वापस लाने की तैयारी शुरू कर देगी। दुनियाभर में अपनी बिगड़ती छवि को सुधारने के लिए पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने फैसला किया है कि वो इमरान खान की जुबान पर लगाम लगाने के लिए ताकत का नहीं बल्कि कूटनीति का सहारा लेंगे। इसी के तहत उन्होंने इमरान खान को दोस्ती का ऑफर दिया है। पाकिस्तानी मीडिया की माने तो सेना प्रमुख आसिम मुनीर पुरानी दुश्मनी भुलाकर इमरान खान से हाथ मिलाना चाहते हैं। खबरों की माने तो आसिम मुनीर गुपचुप तरीके से रावलपिंडी की अदियाला जेल गए थे। उन्होंने इमरान खान से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद पाकिस्तानी सेना की तरफ से बयान आया कि इमरान खान अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगे। अंदर की खबर ये है कि इमरान खान और आसिम मुनीर की डील फाइनल हो चुकी है। इमरान खान के सार्वजनिक तौर पर माफी मांगते ही पाकिस्तान की सेना उन्हें सत्ता में वापस लाने की तैयारी शुरू कर देगी।कहा तो ये भी जा रहा है कि नवाज शरीफ को एक बार फिर से पाकिस्तान छोड़ना पड़ सकता है। हालांकि ये खबरें कितनी सही है ये तो बताना मुश्किल है। लेकिन इमरान खान का लगातार सेना के खिलाफ जहर उगलना और सेना का उन आरोपों को खारिज करना। ये इशारा जरूर करता है कि कहीं न कहीं आसिम मुनीर और इमरान खान के बीच कोई न कोई खिचड़ी तो पक रही है। महानिदेशक इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया था कि 9 मई के हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल लोगों से माफी मांगने और कोई भी बातचीत करने से पहले अराजकता की राजनीति से दूर रहने की मांग की थी। जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक अध्यक्ष इमरान खान ने 9 मई की घटनाओं के लिए माफी मांगने की सेना की मांग को ठुकरा दिया है।



## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक की पार्टी से एक और सांसद ने किया दल-बदल, लेबर पार्टी में शामिल

डोवर से सांसद नताली एलफिस्के ने लेबर पार्टी में शामिल होने के लिए कंजरवेटिव पार्टी छोड़ते हुए, सुनक पर वादे तोड़ने और मुख्य वादे भूलने का आरोप लगाया है। सुनक(43) की पार्टी में पिछले दो हफ्तों में यह दूसरा दल–बदल है। अप्रैल के अंत में कंजरवेटिव सांसद डैन पोल्टर ने पार्टी से नाता तोड़कर लेबर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की थी।लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी से बुधवार को एक और सांसद ने दल–बदल किया और कहा कि 'टोरी' अब अक्षमता और विभाजन का पर्याय बन गए हैं। ब्रिटेन की कंजरवेटिव पार्टी को टोरी नाम से भी जाना जाता है। डोवर से सांसद नताली एलफिस्के ने लेबर पार्टी में शामिल होने के लिए कंजरवेटिव पार्टी छोड़ते हुए, सुनक पर वादे तोड़ने और मुख्य वादे भूलने का आरोप लगाया है। सुनक(43) की पार्टी में पिछले दो हफ्तों में यह दूसरा दल–बदल है। अप्रैल के अंत में कंजरवेटिव सांसद डैन पोल्टर ने पार्टी से नाता तोड़कर लेबर पार्टी में शामिल होने की घोषणा की थी। कुछ दिन पहले तक लेबर पार्टी की कटु आलोचक रहीं एलफिस्के ने अपने इस्तीफे में कहा, ''जब मैं 2019 में चुनी गई, कंजरवेटिव पार्टी ब्रिटेन की राजनीति के केंद्र में थी। पार्टी हमारे देश को आगे ले जाने के लिए भविष्य का निर्माण कर रही थी और अवसर सृजित कर रही थी।'' उन्होंने कहा, ''तब से, कई चीजें बदल गईं। (उस वक्त प्रधानमंत्री के पद नहीं रहे) ऋषि सुनक के नेतृत्व में किये गए तख्ता पलट में एक निर्वाचित प्रधानमंत्री अपदस्थ हो गए। सुनक के तहत, कंजरवेटिव अक्षमता और विभाजन का पर्याय बन गए हैं। 2019 के चुनावी घोषणा पत्र के वादे को भुला दिया गया।

# मेडल का हकदार है... युवराज सिंह ने विराट कोहली की तारीफ में पढ़े कसीदे




युवराज सिंह ने सलामी बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफ की है। इस दौरान युवराज ने कोहली को सबसे बेहतरीन बल्लेबाज कहा है। पिछले साल आईसीसी मेंस वनडे वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। भारत के दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह ने सलामी बल्लेबाज विराट कोहली की तारीफ की है। इस दौरान युवराज ने कोहली को सबसे बेहतरीन बल्लेबाज कहा है। पिछले साल आईसीसी मेंस वनडे वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। कोहली जून में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय स्क्वॉड में हैं और वह छठी बार ये टूर्नामेंट खेलने उतरेंगे। 2021 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे विराट कोहली को लंबे समय से ट्रॉफी का इंतजार है और युवराज सिंह का मानना है कि वह इसके हकदार भी हैं। युवराज सिंह ने कहा कि ये स्टार बल्लेबाज किसी और से भी ज्यादा वर्ल्ड कप मेडल जीतने का हकदार है। आईसीसी से बातचीत में युवराज सिंह ने कहा कि, वह निश्चित रूप से इस दौर के सभी रिकॉर्ड तोड़ चुका है। इस पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। मुझे लगता है कि तीनों फॉर्मेट का और मुझे लगता है कि वह भी ऐसा व्यक्ति है जिसे वर्ल्ड कप मेडल की जरूरत है। उसके पास एख है। मुझे पता है कि वो एक से संतुष्ट नहीं है। मुझे लगता है कि वह निश्चित रूप से उस मेडल का हकदार भी है। उन्होंने आगे कहा कि, मुझे लगता है कि वह अपना गेम अच्छे से जानता है। वह जानता है कि अगर वह आखिर तक रहा तो वह भारत के लिए मैच जीत सकता है और उनसे कई बड़े मौकों पर ये करके दिखाया है। एक बार जब उसमें चेज करने का आत्मविश्वास आ गया और वह स्थिति को जानता था, तो वह जानता था कि इस परिस्थितियों में कैसे बल्लेबाजी करनी है, वह जानता है कि किस गेंदबाज पर आक्रमण करना है।

किस गेंदबाज पर सिंगल लेना है, कब फिर से आक्रमण करना है, दबाव को संभालना है और कब अपना खेल बदलना है।

# गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स




अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा। चेन्नई ने ध र्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जायेगी।चोटों और अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर होने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेऑफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिये बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है।दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान बांग्लादेश के लिये खेलने चले गए हैं। अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा। चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी। गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जायेगी।अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं , उनमें चेन्नई (प्लस 0 . 700) का रनरेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं है लेकिन शुभमन गिल की टीम के लिये आगे का सफर काफी कठिन है। पिछले पांच मैचों में सिर्फ एक जीत दर्ज कर सकी टीम का मनोबल गिरा है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी में गेंदबाजी में धार नजर नहीं आ रही। वहीं गिल खुद पिछले पांच में से तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 35 रहा है। साई सुदर्शन, शाहरूख खान और डेविड मिलर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं।
गेंदबाजों में मोहित शर्मा और जोश लिटिल महंगे साबित हुए हैं। नयी गेंद के गेंदबाजों से मदद नहीं मिलने से अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान और नूर अहमद भी उतने प्रभावी नहीं रहे। दूसरी ओर चेन्नई के रूतुराज गायकवाड़ ने मोर्चे से कप्तानी की है। उन्होंने 11 मैचों में 541 रन बनाये और आरेंज कैप की दौड़ में विराट कोहली से एक ही रन पीछे हैं। पंजाब के खिलाफ इंपैक्ट खिलाड़ी रहे सिमरजीत सिंह ने 140 की रफ्तार से गेंदबाजी करके तीन ओवर में 16 रन देकर दो विकेट लिये।चेन्नई सुपर किंग्सरू रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी। गुजरात टाइटंसरू शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

# इस कारण मुंबई इंडियंस IPL 2024 में रही फ्लाप, अब MI मैनेजमेंट ले सकता है बड़ा फैसला



मुंबई इंडियंस 17 सीजन खेल चुकी है। इसमें से टीम ने 5 बार खिताब अपने नाम किया है। साल 2022 में केवल एक ही बार ऐसा हुआ है जब मुंबई की टीम एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बनी थी। लेकिन ड८ ने एक बार फिर इसे दोहराया है।हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 की सबसे लचर टीम रही। बुध् ावार को सनराइजर्स के हाथों लखनऊ की हार से मुंबई इंडियंस अब आईपीएल के इस सीजन से बाहर हो गई है। हालांकि, टीम अभी भी अपने बचे हुए मैच खेलेगी, लेकिन अब उसके टॉप 4 यानी प्लेऑफ में जाने की कोई भी संभावना नहीं है। मुंबई यहां से अपने सारे मैच जीत जाए या हारे इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा। फिलहाल, इन सबसे ऊपर एक रिपोर्ट में बड़ा खुलासा हुआ है, जिसने तहलका मचा दिया है। मुंबई इंडियंस की टीम के लचर प्रदर्शन का जिम्मेदारा कप्तान हार्दिक पंड्या को माना जा रहा है। अब तक मुंबई इंडियंस 17 सीजन खेल चुकी है। इसमें से टीम ने 5 बार खिताब अपने नाम किया है। साल 2022 में केवल एक ही बार ऐसा हुआ है जब मुंबई की टीम एलिमिनेट होने वाली पहली टीम बनी थी। लेकिन ड८ ने एक बार फिर इसे दोहराया है। अब इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर सामने आई है, जिससे तहलका मच गया है। साल 2023 में मुंबई इंडियंस की टीम नंबर चार पर थी, वहीं साल 2022 में तो टीम दसवें नंबर पर फिनिश कर पाई थी। इसके बाद इस साल रोहित शर्मा से कप्तान लेकर हार्दिक पंड्या को सौंपी गई। वहीं इससे पहले हार्दिक पंड्या ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस को लगातार दो बार फाइनल तक लेकर गए जहां 2022 में उनके नेतृत्व में टीम विजेता बनी थी। हार्दिक पंड्या को होना पड़ा हूटिंग का शिकारवहीं जब हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस ने कप्तान नियुक्त किया था तो फैंस ने फ्रेंचाइजी की काफी आलोचना की थी। साथ ही इस सीजन में फैंस ने हार्दिक को मैदान में हूटिंग भी की। ऐसा अगर एक दो मैच में होता तो भी कोई बात नहीं थी, लेकिन लगातार हर मैच, हर स्टेडियम में, हर शहर में उन्हें ट्रोल होना पड़ा। वहीं अब इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मुंबई इंडियंस के कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की कोचिंग स्टाफ के साथ पिछले दिनों एक मीटिंग हुई थी। इसमें कहा गया है कि टीम की इस हालत का कारण हार्दिक पंड्या की नेतृत्व और कार्यशाली रही। वहीं मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने खुलासा किया है कि ये कप्तानी का संकट नहीं है। जो टीम पिछले दस साल से रोहित शर्मा की कप्तानी में खेल रही थी और उसी की आदी थी, वो अभी नए कप्तान के सात तालमेल नहीं बिठा पा रही है। अधिकारी का मानना है कि जब नेतृत्व परिवर्तन होता है तो शुरुआत में इस तरह की दिक्कतें आती हैं। इस बीच रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से पता चला है कि खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ के बीच जो मीटिंग हुई, उसमें पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह शामिल रहे। इस दौरान चर्चा इस बात पर हुई कि मुंबई की टीम इस साल अच्छा प्रदर्शन क्यों नहीं कर पाई। बताया जा रहा है कि इसके बाद टीम मैनेजमेंट के साथ भी एक मीटिंग हुई है। तिलक वर्मा को जिम्मेदारा ठहराना गलत साथ ही जानकारी मिली है कि किसी भी मैच में हार के लिए एक ही खिलाड़ी को जिम्मेदार बता देना खिलाड़ियों को कतई रास नहीं आया। इस सीजन में हार्दिक पंड्या ने यही किया था। दिल्ली और मुंबई के मुकाबले के दौरान जब मुंबई की ओर से तिलक वर्मा बल्लेबाजी कर रहे थे और अक्षर पटेल गेंदबाजी का मोर्चा संभाले हुए थे। मैच के बाद हार्दिक ने तिलक वर्मा का नाम तो नहीं लिया, लेकिन इशारा किया था कि हम खेल के प्रति थोड़ी जागरुकता बरतने से चूक गए। इसलिए हम मैच हार गए। सबी को यही लगा कि ये तिलक की ओर इशारा किया जा रहा है। ये बात ड्रेसिंग रूम में मौजूद बाकी खिलाड़ियों को अच्छी नहीं लगी।

# संजीव गोयनका और केएल राहुल के बीच कूदे केकेआर, कहा– उसने उसके मुंह पर थूका नहीं...

रैৣ के मालिक संजीव गोयनका कप्तान केएल राहुल पर लगातार भड़कते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं इस मामले में अब अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले कमल राशिद खान (ज्ञत्ज्ञ) ने इस घटना पर एक ट्वीट किया है, जो वायरल हो रहा है। आईपीएल 2024 में बुधवार यानी 8




मई को हैदराबाद और लखनऊ के बीच मुकाबला खेला गया। जिसके सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 विकेट से जीत लिया 20 ओवर में जहां लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 4 विकेट पर 165 रन ही बना पाई वहीं ैत्भ् ने 9.4 ओवर में ही बिना विकेट गंवाए 167 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। 10 ओवर से कम में ये आईपीएल के इतिहास में हासिल किया गया सबसे बड़ा टारगेट है। लेकिन इस मैच के बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। जिसमें रैৣ के मालिक संजीव गोयनका कप्तान केएल राहुल पर लगातार भड़कते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं इस मामले में अब अक्सर अपने बयानों के कारण चर्चा में रहने वाले कमल राशिद खान (ज्ञत्ज्ञ) ने इस घटना पर एक ट्वीट किया है, जो वायरल हो रहा है। दरअसल, केआरके ने ग पर लिखा कि, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं अगर टीम का मालिक केएल राहुल पर चिल्ला रहा है। लेकिन मुझे केएल राहुल से बड़ी दिक्कत है कि क्योंकि उसने उसके मुंह पर थूका नहीं, जबकि थूकना चाहिए था। दिलचस्प बात ये है कि फैंस भी केआरके के ट्विट से सहमत दिख रहे हैं।

# कगिसो रबाडा के पाडकास्ट के बीच अचानक हुई  की एंट्री, फिर क्या हुआ जानें

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा अपने होटल रूप में पॉडकास्ट कर रहे होते हैं। पॉडकास्ट पर उनसे पूछा जाता है कि मौजूदा समय में टेस्ट क्रिकेट में कौन सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। इतने में विराट कोहली की एंट्री होती है तो वह रबाडा के आगे डांस करने लगते हैं। रबाडा पॉडकास्ट पर बताते हैं कि विराट कोहली उनके सामने ही खड़े हैं और डांस कर रहे हैं।धर्मशाला में आज यानी 9 मई को पंजाब किंग्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में विराट कोहली के फैंस एक बार फिर धमाकेदार प्रदर्शन का इंताजर कर रहे हैं। कोहली मैदान के अंदर और बाहर अपने नटखट अंदाज के आपने कई वीडियो देखे होंगे। वह अक्सर टीम का माहौल खुशनुमा बनाए रखने के लिए साथी खिलाड़ियों के साथ मजाक–मस्ती करते दिखते हैं। वहीं कोहली का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कोहली ने कगिसो रबाडा के चलते पोडकास्ट में स्पेशल एंट्री लेते हैं और महफिल लूट जाते हैं। बता दें कि, पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा अपने होटल रूप में पॉडकास्ट कर रहे होते हैं। पॉडकास्ट पर उनसे पूछा जाता है कि मौजूदा समय में टेस्ट क्रिकेट में कौन सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। इतने में विराट कोहली की एंट्री होती है तो वह रबाडा के आगे डांस करने लगते हैं। रबाडा पॉडकास्ट पर बताते हैं कि विराट कोहली उनके सामने ही खड़े हैं और डांस कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें पॉडकास्ट पर बुलाने की गुजारिश की जाती है। कोहली कुछ सेकंड के लिए स्क्रीन पर आते हैं और महफिल लूट जाते हैं।

# चेहरे के इस हिस्से पर निकल रहे हैं दाने तो हल्के में न लें, जानें कारण और इलाज



चेहरे के कुछ हिस्से यानी गाल और माथे पर अगर एक्ने निकल रहा है तो सावधान हो जाइए. इस तरह के दानों को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए. यह खराब सेहत का इशारा भी हो सकता है, इसलिए तुरंत अलर्ट हो जाना चाहिए. इसे लेकर एबीपी लाइव ने डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर आशीष गुप्ता से बात की तो उन्होंने बताया कि गाल पर या सिर्फ हेयर लाइन पर एक्ने निकलना गंभीर भी हो सकता है. इसे सिर्फ दाना समझने की भूल हानिकारक बन सकती है. जानिए ऐसा क्यों होता है...

हेयरलाइन पर एक्ने निकलनाबाल और चेहरे की लाइन पर एक्ने निकलने का कारण हेयर प्रोडक्ट्स भी हो सकता है, जो नेचुरल ऑयल को हेयर फॉलिकल्स में बनाकर रखते हैं. हेयरलाइन पर अगर अक्सर ही पिंपल निकलते हैं तो अपने हेयर प्रोडक्ट को बदल लेना चाहिए.गाल पर एक्ने निकलना

अगर गाल पर एक्ने निकल रहा है तो इसका कारण हार्मोंस या ऑयली फेस नहीं बल्कि गंदे फोन स्क्रीन या गंदे तकिए हो सकते हैं. जब फोन को कान में लगाते हैं तो स्क्रीन पर चिकके बैक्टीरिया गालों पर चिपक जाते हैं, जिसकी वजह से दाने निकलने लगते हैं. फिर चेहरे को छूने या गंदे पिलो कवर के कारण गाल पर एक्ने निकलता है.जॉलाइन चिन पर एक्ने निकलनाजॉलाइन या चिन पर अगर हमेशा पिंपल्स निकलते हैं तो इसका कारण हार्मोंस में बदलाव होना भी हो सकता है. एंडोक्राइन सिस्टम में गड़बड़ी के कारण एड्रोजेंस हार्मोन का उत्पादन होता है, जिससे ऑयल ग्लैंड्स बहुत ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं और पोर्स को ब्लॉक कर देते हैं. पीरियड्स के पहले ये हार्मोंस ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं. डाइट को संतुलित करके ही इससे छुटकारा पाया जा सकता है. नाक और फोरहेडअगर चेहरे के फोरहेड और नाक पर मुंहासे निकल रहे हैं

# क्या टायलेट जाने के बाद आप भी नहीं धोते हाथ, जान लीजिए कितनी बड़ी गलती कर रहे आप ?



हाथ धोना अच्छी आदत है. इससे शरीर कई बीमारियों से बच सकती है. हालांकि, दुनिया में कई लोग ऐसे भी हैं जो हाथ धोने से बचते हैं. बहुत से लोग तो टॉयलेट या वॉशरूम से आने के बाद हाथ ही नहीं धोते या भूल जाते हैं. अगर आप भी ऐसा कर रहे हैं तो आप अपनी सेहत को लेकर बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं. शौचालय से आकर हाथों को न धोना और दूसरे काम करने लग जाना हेल्थ के लिए हानिकारक है. इससे वहां मौजूद बैक्टीरिया शरीर में पहुंच जाते हैं और कई खतरनाक बीमारियों को जन्म दे सकते हैं. जानिए शौचालय से आकर हाथ न धोने वाले कितनी बड़ी गलती कर रहे हैं. ..

टॉयलेट यूज करने के बाद हाथ न धोने के नुकसान

1. बीमारियों का घर बन सकता है शरीर

अगर आप पब्लिक टॉयलेट यूज कर रहे हैं और फिर हाथों को नहीं धो रहे हैं तो शरीर को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं. दरअसल, पब्लिक टॉयलेट में अनगिनत लोग जाते हैं और बिना हाथ धोए बाहर आ जाते हैं, जिससे वहां के कीटाणु एक–दूसरे में ट्रांसफर हो सकते हैं. शरीर के अंदर पहुंचकर ये कीटाणु कई तरह की समस्याएं पैदा कर सकते हैं. गंदे हाथों से फोन, पॉनी की बॉटल, पर्स या कोई चीज छूने से इंफेक्शन का खतरा भी रहता है.2. दूसरों को बना सकते हैं बीमारटॉयलेट यूज करने के बाद अगर हाथ नहीं धोते हैं तो जो भी आपके हाथों को संपर्क में आता है, वह बीमार पड़ सकता है. इससे आप पैथोजन के कैरियर बन जाते हैं, जो खुद के साथ दूसरों के लिए खतरनाक है. ऐसे में अपनी इस आदत को बदल लीजिए.. त्वचा को नुकसानटॉयलेट से आकर हाथ न घोने से स्किन को बड़ा नुकसान हो सकता है. इससे स्किन डैमेज तक हो सकती है. दरअसल, जब बैक्टीरिया वाले हाथों से आप अपनी ही त्वचा को छूते हैं तो वहां एलर्जी फैल सकती है. सेंसेटिव स्किन के लिए तो समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ सकती हैं. इससे रैशेज, पिंपल्स, खुजली और जलन जैसी प्रॉब्लम्स हो सकती हैं. इससे बचने के लिए सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने हाथ धोना का सही तरीका बताया है.टॉयलेट से आकर हाथ धोने का सही तरीका क्या है1. हाथों की सरफेस को कम से कम 30 सेकंड तक सही तरह रगडकर साफ करें.2. हाथों को हमेशा साबुन से अच्छी तरह ध ोएं, ताकि बैक्टीरिया का सफाया हो सके. 3. हाथों को धोते वक्त उंगलियों और नाखूनों को सही तरह साफ करें.

# फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का पहला पोस्टर रिलीज, स्टेडियम में चीयर करते दिखे जान्हवी-राजकुमार

जान्हवी कपूर और राजकुमार राव अभिनीत फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही बीते लंबे समय से अपनी रिलीज को लेकर चर्चाओं में है। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जीवन पर आधारित एक स्पोर्ट्स ड्रामा है। वहीं, अब फिल्म के कुछ और पोस्टर्स जारी किए गए हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।राजकुमार राव इन दिनों अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। अभिनेता की फिल्म श्रीकांत भी जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही हैं। वहीं, दूसरी ओर वह जान्हवी कपूर के साथ मिस्टर एंड मिसेज माही में भी नजर आने वाले हैं। अब हाल ही में, मेकर्स ने फिल्म के कुछ नए पोस्टर्स भी जारी किए हैं, जिसमें दोनों कलाकार स्टेडियम में चीयर करते हुए नजर आ रहे हैं। फैंस को फिल्म का पोस्टर काफी पसंद आ रहा है। मालूम हो कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की घोषणा निर्माता करण जौहर ने नवंबर 2021 में की थी, और मई 2022 में इसकी शूटिंग शुरू हुई। यह फिल्म 2021 की हॉरर थ्रिलर रूही के बाद जान्हवी और राजकुमार के दूसरे सहयोग का प्रतीक है। फिल्म में अभिषेक बनर्जी, राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, जरीना वहाब और पूर्णेंदु भट्टाचार्य भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग 1 मई को पूरी हो गई थी। बता दें कि फिल्म 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में आने वाली है। पहले इसे 19 अप्रैल को रिलीज किया जाना था, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी



डेट आगे बढ़ा दी गई है। फैंस भी एक बार फिर स्क्रीन पर फ्रेश जोड़ी देखने के लिए बेताब हैं। वहीं, क्रिकेट प्रेमी दर्शक भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# अथर्व के जन्मदिन पर जारी हुआ क्राइम थ्रिलर फिल्म डीएनए का फर्स्ट लुक पोस्टर

अथर्व के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आगामी फिल्म के निर्माताओं ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। निर्माताओं ने मुख्य जोड़ी, अथर्व और निमिषा सजयन के साथ फिल्म डीएनए का फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी कर दिया है। दोनों कलाकार एक-दूसरे को गले लगते हुए बेहद कोमल मुद्रा में नजर आ रहे हैं, जबकि पोस्टर के दूसरे हिस्से में अथर्व का गुस्से वाला लुक देखने को मिला है। पोस्टर की थीम एक मजबूत क्राइम थ्रिलर की ओर इशारा करती है, जिसकी पृष्ठभूमि में एक प्रेम कहानी है।कुल मिलाकर, दर्शक एक दिलचस्प क्राइम थ्रिलर का इंतजार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि पोस्टर में एक टैगलाइन भी है जिसमें लिखा है, दो धागे एक-दूसरे के चारों ओर घूमकर एक मुड़ी हुई सीढ़ी बनाते हैं। पोस्टर और इसकी टैगलाइन ने प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। इस देखने के बाद दर्शकों के जहन में सवाल उठने लगा है कि क्या यह एक टेढ़ी-मेढ़ी बदले की कहानी है? या, जैसा कि शीर्षक से पता चलता है, क्या यह एक और मेडिकल क्राइम थ्रिलर है?ओरु नाल कुथु, फरहाना और मॉन्स्टर फेम नेल्सन वेंकटेशन द्वारा लिखित और निर्देशित डीएनए को एक क्राइम थ्रिलर माना जा रहा है। फिल्म जयंती अंबेथकुमार द्वारा निर्मित है, जिन्होंने पहले 2023 की हिट कविन अभिनीत दादा का निर्माण किया था। निर्माताओं ने अभी तक बाकी कलाकारों की घोषणा नहीं की है। हालांकि, अभिनेता रमेश थिलक को फिल्म का हिस्सा बताया जा रहा है। तकनीकी मोर्चे पर, फिल्म की सिनेमैटोग्राफी पार्थिबन द्वारा और संपादन वीजे साबू जोसेफ द्वारा किया गया है। जल्द ही रिलीज डेट की घोषणा की जाएगी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, निर्देशक नेल्सन ने खुलासा किया कि अथर्व फिल्म में एक नए लुक में हैं। फिल्म निर्माता ने खुलासा किया, फिल्म में अथर्व एक नए लुक में नजर आएंगे, जो फिल्म के आश्चर्यों में से एक होगा। नेल्सन ने कहा, उनका किरदार थोड़ा अपरंपरागत है और कुछ ऐसा होगा जो हमने पहले अपनी फिल्मों में नहीं देखा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह पहली बार है जब उन्होंने इस शैली में काम किया है।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आएगी हीरामंडी की अभिनेत्रियां, प्रोमो वीडियो आया सामने

संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज हीरामंडीरू द डायमंड बाजार को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है।इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, संजीदा शेख और ऋचा चड्ढा जैसी अभिनेत्रियों मुख्य भूमिकाओं में है।इन दिनों तमाम अभिनेत्रियों सीरीज के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। अब हीरामंडी की टोली कपिल शर्मा के नए कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आएगी।शो का नया प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है।



नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रोमो वीडियो साझा किया है, जिसमें सोनाक्षी सहित सभी अभिनेत्रियां कपिल के साथ खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं।उन्होंने लिखा, हीरामंडी की सुंदरियां हमारे साथ हंसने के लिए यहां हैं। क्या आप इस शाही कॉमेडी के लिए तैयार हैं?बता दें, द ग्रेट इंडियन कपिल शो के इस एपिसोड को आप शनिवार (11 मई) को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

प्रोमो की शुरूआत में सभी अभिनेत्रियां पानीपुरी के स्टॉल पर खड़ी नजर आ रही हैं। कपिल शर्मा दुकानदार बने हुए है, जिन्हें भैया बुलाते हुए सोनाक्षी सिन्हा सभी को पानीपुरी खिलाने के लिए कहती हैं। इस पर कपिल शर्मा कहते हैं कि पानीपुरी खत्म है जी। सोनाक्षी इसकी वजह पूछती हैं तो कपिल कहते हैं, जो भैया बोलती है, उनके लिए खत्म है। इसके बाद सभी जोर से ठहाका लगाते हैं।

कपिल शर्मा को सोनाक्षी सिन्हा से उनकी शादी के बारे में भी सवाल करते हुए देखा जा सकता है। वह सोनाक्षी से कहते हैं कि आलिया ने शादी कर ली और कियारा ने भी कर ली। उनके इतना कहते ही सोनाक्षी बोल पड़ती है कि जले पर नमक छिडक रहे हो। वह जानता है कि मुझे कितने जोर से शादी करनी है।

शो के नए एपिसोड में वेब सीरीज हीरामंडी में काम करने को लेकर भी सवाल पूछे गए हैं। शूटिंग के दौरान रीटेक देने के सवाल पर सोनाक्षी ने कहा कि उन्होंने 12 से ज्यादा रीटेक नहीं दिए। वहीं, ऋचा चड्ढा ने सभी को चौंकाते हुए कहा कि उन्होंने 99 रीटेक दिए थे। प्रोमो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस एपिसोड में कई खुलासे होने वाले हैं।

# बाक्स आफिस पर मैदान का हुआ बुरा हाल, बड़े मियां छोटे मियां भी नहीं दिखा सकी कमाल



सिनेमाघरों में इन दिनों बिल्कुल भी रौनक देखने को नहीं मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर सभी फिल्मों का बुरा हाल हुआ पड़ा है। टिकट खिडकी पर बीते कई हफ्तों से कोई भी फिल्में दमदार कलेक्शन नहीं कर सकी हैं। कई फिल्मों ने तो बॉक्स ऑफिस पर आते ही अपना बोरिया बिस्तर समेट लिया है। सिनेमाघरों में ज्यादातर फिल्मों को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली है। अब बॉक्स ऑफिस पर दो ही फिल्में अजय देवगन की फिल्म मैदान और अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां लगी हुई है। ये फिल्में भी कुछ खास कमला नहीं दिखा पा रही है। ऐसे में आइए जानते हैं कि मंगलवार को किस फिल्म का प्रदर्शन कैसा रहा...

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है। 350 करोड़ रुपये के बजट में बनकर तैयार हुई यह फिल्म अब तक 100 करोड़ तक भी नहीं पहुंच सकी है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ जबर्दस्त एक्शन करते हुए दिखाई दिए हैं। अक्षय और टाइगर के अलावा अलाया एफ और मानुषी छिल्लर भी अहम भूमिका में नजर आई हैं।

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी ये फिल्म दर्शकों को लुभाने में नाकामयाब रही है। फिल्म ने 26वें दिन 30 लाख रुपये की कमाई की थी। वहीं, ताजा आंकड़ों के मुताबिक, इस फिल्म ने 27वें दिन 30 लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 64.30 करोड़ रुपये हो गई है।

शैतान के बाद ईद के मौके पर रिलीज हुई अजय देवगन की फिल्म मैदान अब तक अच्छी कमाई नहीं कर सकी है। फिल्म की रफ्तार काफी सुस्त है। ये फिल्म फुटबॉल से भारतीय इतिहास बदलने वाले कोच सैयद अब्दुल रहीम की सच्ची कहानी पर आधारित है। अजय देवगन ने फिल्म में सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है।

अजय देवगन की फिल्म मैदान अब तक 59 करोड़ की कमाई भी नहीं कर पाई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक 27वें दिन फिल्म ने 55 लाख रुपये बटोरे हैं। इसी के साथ ही फिल्म की कुल कमाई 49.40 करोड़ रुपये हो गई है।

# थिएट्रिकल रिलीज के बाद अब अदा शर्मा की फिल्म बस्तर द नक्सल स्टोरी ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर 17 मई को होगी रिलीज

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में नक्सली-माओवादी विद्रोह पर आधारित, सुदीप्तो सेन की 'बस्तर द नक्सल स्टोरी', 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. द केरल स्टोरी के मेकर्स (निर्माता विपुल अमृतलाल शाह, निर्देशक सुदीप्तो सेन) की इस फिल्म में अदा शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है. साल की सबसे दमदार, प्रभावशाली और अच्छे रिव्यू वाली फिल्मों में से एक की 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की दर्शकों ने भी काफी तारीफ की थी. वहीं जो लोग इस पिल्म को थिएटर में नहीं देख पाए उनके लिए गुड न्यूज है. दरअसल ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है. चलिए जानते हैं की 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' ओटीटी के किस प्लेटफॉर्म पर कब दस्तक देगी.बता दें कि अदा शर्मा की दमदार एक्टिंग से सजी 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की डिजिटल रिलीज का काफी टाइम से इंतजार किया जा रहा था. फाइनली आज निर्माताओं ने एक नया प्रोमो जारी करके फिल्म की ओटीटी रिलीज की अनाउंसमेंट कर दी है. बता दें कि ये फिल्म ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म जी5 17 मई, 2024 से देखने के लिए उपलब्ध होगी और इसे हिंदी और तेलुगु में एक साथ रिलीज किया जाएगा.

बता दें किएक्स अकाउंट पर फिल्म का नया प्रोमो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है एक ईमानदार अधिकारी और उससे भी बड़ी योद्धा. नक्सलवाद को जड़ से मिटाने आ रही हैं नीरजा माधवन. बस्तर का प्रीमियर 17 मई को, केवल जी5 पर. हिंदी और तेलुगु में उपलब्ध है.

बता दें कि फिल्म में अदा शर्मा ने आईपीएस अधिकारी नीरजा माधवन की भूमिका निभाई है.ये फिल्म देश की एक महत्वपूर्ण घटना की कहानी बयां करती है जिसे हर पीढ़ी के दर्शकों को देखना चाहिए. फिल्म की शुरुआत एक कठोर, साहसिक और दमदार सब्जेक्ट से होती है जिसके बारे में पहले कभी किसी ने बात करने की हिम्मत नहीं की. विपुल अमृतलाल शाह की सनशाइन पिक्चर्स द्वारा निर्मित और आशिन ए. शाह द्वारा सह-निर्मित बस्तररू द नक्सल स्टोरी सुदीप्तो सेन द्वारा निर्देशित है

# निखिल सिद्धार्थ की पैन-इंडिया फिल्म स्वयंभू का नया पोस्टर हुआ रिलीज

टीम स्वयंभू ने निखिल सिद्धार्थ अभिनीत फिल्म का नया पोस्टर जारी कर दिया है. फिल्म में साम्युखता मेनन और नाभा नातेश भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. यह फिल्म टैगोर मधु की प्रस्तुति है, जिसका निर्देशन भारत कृष्णमचारी ने किया है. रवि बसरूर ने फिल्म का संगीत दिया है, और भुवन और श्रीकर ने इसे प्रोड्यूस किया है. फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि फिल्म कब रिलीज होगी इसके बारे में अभी कोई जानकारी शेयर नहीं की गई है.पोस्टर में निखिल सिद्धार्थ को एक योद्धा के रूप में दिखाया गया है, जो रणभूमि में खड़े हैं. उनके सामने हजारों की जनसंख्या नजर आ रही है. स्वयंभू एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जो एक युवक की कहानी है जो अपने जीवन के लिए संघर्ष करता है. फिल्म में निखिल सिद्धार्थ एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं, जो अपनी पहचान और अपने परिवार के सम्मान के लिए लड़ता है.ताजा अपडेट के मुताबिक मौजूदा समय में फिल्म की टीम एक प्रमुख एक्शन सीक्वेंस का फिल्मांकन कर रही है, जिसमें प्रमुख कलाकार शामिल हैं। इन दृश्यों में निखिल कुछ हैरतअंगेज स्टंट करते भी नजर आएंगे, जिसे वियतनामी लड़ाकों समेत 700 कलाकारों के साथ 12 दिनों तक शूट किया जाएगा।रिपोर्ट्स के मुताबिक वॉर सीक्वेंस को दो बड़े सेट पर शूट किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस सीक्वेंस की शूटिंग में निर्माता पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसे शूट करने में मेकर्स के आठ करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन एक्शन दृश्यों में आने वाली लागत की वजह से यह फिल्म चर्चा के केंद्र



में आ गई है।इस पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा में संयुक्ता और नाभा नटेश महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण भुवन और श्रीकर कर रहे हैं। वहीं, इसे टैगोर मधु द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म के छायांकन की कमान मनोज परमहंस के हाथों में है। वहीं, इसका संगीत रवि बसरुर ने तैयार किया है। इसके संवाद वासुदेव मुनेप्पगारी ने लिखे हैं। जबकि एम प्रभाकरन ने फिल्म का सेट डिजाइन किया है।

## अनन्या पांडे से ब्रेकअप के बाद आदित्य राय कपूर और सारा अली खान साथ में पार्टी करते दिखे

ऐसा लगता है कि आदित्य रॉय कपूर अभिनेता अनन्या पांडे के साथ अपने कथित ब्रेकअप से आगे बढ़ रहे हैं। अभिनेता को हाल ही में अपनी मेट्रो इन डिनो की सह-कलाकार सारा अली खान के साथ एक मजेदार नाइट आउट पर देखा गया था, जिससे लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या अभिनेताओं के बीच कुछ पक रहा है।ऐसा लगता है कि आदित्य रॉय कपूर अभिनेता अनन्या पांडे के साथ अपने कथित ब्रेकअप से आगे बढ़ रहे हैं। अभिनेता को हाल ही में अपनी मेट्रो इन डिनो की सह-कलाकार सारा अली खान के साथ एक मजेदार नाइट आउट पर देखा गया था, जिससे लोगों को आश्चर्य हुआ कि क्या अभिनेताओं के बीच कुछ पक रहा है। तस्वीरों में आदित्य और सारा को फिल्म निर्माता अनुराग बसु के साथ अच्छा समय बिताते देखा जा सकता है। ऐसा कहा जाता है कि ये तस्वीरें मेट्रो इन डिनो के सेट पर आयोजित फिल्म निर्माता के जन्मदिन समारोह की हैं। तस्वीरों में आदित्य और सारा एक-दूसरे के करीब खड़े हैं और एक-दूसरे के बीच काफी करीबी रिश्ते में नजर आ रहे हैं



# कातिलाना अदाओं से निकिता दत्ता ने बरपाया कहर, हाट लुक्स देखकर यूजर्स ने दिए रिएक्शंस

कबीर सिंह फेम निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर एक बार फिर से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर दिया है।एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने गॉर्जियस लुक्स से फैंस का दिल जीत लेती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टा पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है।हाल ही में निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार लोगों के बीच छा गया है।निकिता दत्ता ने अपने फोटोशूट के दौरान रेड कलर का बैकलेस आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट एंड ग्लैमरस लग रही हैं।बालों का बन बनाकर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस निकिता दत्ता कैमरे के सामने एक से बढकर एक सेक्सी पोज देती हुई नजर आ रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।

एक यूजर ने उनकी फोटोज पर कॉमेंट्स करते हुए लिखा सो हॉट तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा सो ब्यूटिफुल।

# मैं डेली लाइफ में मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हूं प्रियंका चाहर चौधरी



आरामदायक कपड़े मेरा फैशन स्टेटमेंट हैं।

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने बताया कि वह केवल काम के वक्त ही मेकअप लगाती हैं, वरना वह अपने डेली लाइफ में पूरी तरह नेचुरल रहना पसंद करती हैं।प्रियंका ने बताया, मैं हमेशा मेकअप में नहीं रहती। मैं मेकअप केवल तभी लगाती हूं जब मैं काम कर रही होती हूं।एक्ट्रेस, जिन्होंने शो उड़ारियां से तेजो सिंह विर्क के रूप में सुर्खियां बटोरीं, ने खुलासा किया कि चाहे वह एयरपोर्ट हो या मॉल या मार्केट में, वह मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हैं।उनके पास एक ब्यूटी हैक है। उन्होंने आगे कहा, मैं बस एक काम करती हूं, मैं थोड़ी सी लिपस्टिक लगाती हूं। उस लिपस्टिक को मैं अपने गाल, माथे और पलकों पर भी लगा लेती हूं, यह ब्लश जैसा दिखता है। पूरा मेकअप ऐसे ही किया जाता है।अपनी ड्रेस चॉइस के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने कहा, आम तौर पर, मैं वेस्टर्न कपड़े पहनती हूं, जो मेरे लिए बहुत आरामदायक होते हैं। मुझे कुर्तियां भी बेहद पसंद हैं, वह भी बहुत आरामदायक हैं।

# भीड़ बता रही है कि जीत ऐतिहासिक होगी – केशव प्रसाद मौर्या

## उप मुख्यमंत्री की उपस्थिति में सपा नेता डब्लू मणि की हुई घर वापसी

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी ने किया नामांकन। अपने गांव बरपार में अपनी माता शशि मणि और पिता पूर्व सांसद श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी से आशीर्वाद लेकर नामांकन के लिए निकले जहां बैतालपुर से दिव्य शक्ति मैरेज हाल तक जगह जगह शशांक मणि के काफिले का स्वागत किया गया। सभा स्थल पर हजारों कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाकर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और शशांक मणि का स्वागत किया। सभा को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि ये भीड़ बता रही है कि शशांक मणि को देवरिया की जनता चार लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतने का कार्य करेगी। उन्होंने विपक्ष के नेताओ पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ठगों का बंधन है जो देश की जनता को भ्रमित करना चाहते हैं, देश की सेना पर प्रश्नचिन्ह उठाना, हिंदू संस्कृति का अपमान करना, गरीबों का हक लूटना इनका काम है। उन्होंने उपस्थित जनता से अपील करते हुए कहा कि देश के ज्वलंत मुद्दों का समाधान भाजपा सरकार



में हुआ है, चाहे राम मंदिर का निर्माण हो, जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने की बात हो, किसानों की आय बढ़ाने की बात हो, महिलाओं के सशक्तिकरण की बात हो, सभी कार्य देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हुआ है। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर उन्होंने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए देवरिया के सोना सोनार, रामचंद्र विद्यार्थी को भी याद किया। सभा स्थल से नामांकन यात्रा कलेक्ट्रेट के तरफ निकला जहां कोआपरेटिव चौराहा, सुभाष चौक, कचहरी होते हुए नामांकन स्थल पहुंचा। यात्रा के दौरान जगह जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर काफिले का स्वागत किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सपा नेता डब्लू मणि को पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। नामांकन सभा को निवर्तमान सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, सूर्य प्रताप शाही, विजय लक्ष्मी गौतम, रविंद्र कुशवाहा, शशांक मणि, जय प्रकाश निषाद, देवरिया भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, कुशीनगर जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, डा रतनपाल सिंह, डा शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा शाका, सुरेंद्र चौरसिया, सुरेंद्र कुशवाहा, डा असीम कुमार, रामकोला विधायक विजय गौड़, ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पंडित गिरीश चंद तिवारी, संतराज यादव, लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, जितेंद्र प्रताप राव, एस एन सिंह, नपा अध्यक्ष अलका सिंह, छठे लाल निगम, संजीव शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, महामंत्री श्रीनिवास मणि, प्रमोद शाही, रविंद्र कौशल, रमेश सिंह, सी पी सिंह, प्रभाकर तिवारी, संजय सिंह सैंथवार, पवन मिश्रा, प्रवीण प्रताप मल्ल, अरविंद पांडे, निर्मला गौतम, भारती शर्मा, विजय गोंड, गोविंद चौरसिया, शमसुद्दीन अहमद, राजन सोनकर, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, जितेंद्र सिंह, आदित्य सिंह, नागेशपति तिवारी, जीवनपति तिवारी, रमेश सिंह, उमेश मल्ल, राजेश कुशवाहा, सत्येंद्र पांडे, विजय श्रीवास्तव, अरविंद चौहान, योगेश प्रजापति, सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वोट का सही प्रयोग किया तो देश का होगा विकास– विश्वनाथ पाल

कौशाम्बी। सिराथू विधानसभा क्षेत्र के शरीफाबाद में स्थित एक गेस्ट हाउस में बहुजन समाज पार्टी द्वारा चुनावी जनसभा का आयोजन किया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल पहुंचे। इस दौरान बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा व सपा पर जमकर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि लोगों को मोदीजी आप सिर्फ प्रदेश के लोगों को शिक्षा व रोजगार दें बाकी लोग स्वयं 5 किलो राशन की जगह 5 कुंतल अनाज बना लेंगे। वहीं साथ ही साथ उन्होंने बेरोजगारी पर भी हमला बोलते हुए कहा कि देश व प्रदेश में इस समय सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और भाजपा सरकार में देश प्रदेश का युवा पकौड़ा तलने को मजबूर है सरकार के पास युवाओं के लिए कोई रोजगार की व्यवस्था नहीं है इस लिए इस बार लोगों ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है।वहीं महंगाई के मुद्दे पर भी प्रदेश अध्यक्ष ने मोदी सरकार को जमकर घेरा उन्होंने कहा कि देश में इस समय महंगाई बहुत बढ़ गई है जिससे आम आदमी के लिए रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है इससे पहले सरकारों में इतनी महंगाई नहीं थी मोदी सरकार सिर्फ कागजों में ही काम करने वाली सरकार है और हमारी बसपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लोगों को जमीन देने का कार्य किया था इसलिए आप सभी लोगों से यह अपील है कि इस जुमले वाली सरकार को आप लोग उखाड़ फेंकने का काम करें और बसपा को प्रदेश में सरकार बनाने का काम करें। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने मौजूद लोगो से कहा की अगर वोट का सही इस्तेमाल किया तो देश का विकास होगा। मुख्य जोन इंचार्च राजू गौतम ने बसपा शासनकाल में बसपा सुप्रीमों द्वारा कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए देश में नौजवान, किसान सब परेशान है राजू गौतम ने आगे कहा की जो सरकार अच्छी शिक्षा नही दे सकती वो भोजन क्या देगी अब फैसला आप लोगो को लेना है। कार्यक्रम में मुख्य जोन इंचार्च राजू गौतम, अशोक सिद्धार्थ, अमरेंद्र बहादुर भारतीय, बसपा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम, सुकरू लाल निर्मल, बसपा जिलाध्यक्ष महेश चौधरी, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष, के एल गौतम, कन्धई लाल, रमेश पासी, राम नरेश पासी आदि लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध दशा में आग लगने से भैंस व बकरी जलकर जख्मी

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध दशा में एक घर में आग लगने से घर का छप्पर सहित दो मवेशी जलकर जख्मी हो गए, आग की लपटे देख ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।सिराथू तहसील क्षेत्र के थुलगुला गांव का मजरा अडार पर निवासी शिव प्रकाश पटेल पुत्र हरीलाल खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है, गुरुवार को शिव प्रकाश के घर के पीछे छप्पर में संदिग्ध दशा में अचानक आग लग गई, आग की विभीषिका में शिव प्रकाश की भैंस व एक बकरी जलकर जख्मी हो गई वही छप्पर जलकर खाक हो गया। आग की लपटे देख ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# रामपुर धमावा में धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप की जयंती

सिराथू, कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव में गुरुवार को महाराणा प्रताप सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर वीरेंद्र सिंह निर्देशन पर रामपुर धमावा गांव में संगठन के जिलाध्यक्ष कुंवर धनराज सिंह की अगुवाई में राणा प्रताप की जयंती मनाई गई जिसमे कुंवर धनराज सिंह ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान जिलाध्यक्ष कुंवर धनराज सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह हमारे देश के आदर्श थे जिन्होंने मुगलों को मुंह तोड़ जवाब दिया जिसके चलते दुश्मनों को मुंह की खानी पड़ी। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप सिंह ने घास की रोटी खाना स्वीकार किया था लेकिन मुगलों को स्वाधीनता कभी नहीं स्वीकार किया। इसी क्रम में जिला प्रवक्ता महान प्रताप सिंह ने कहा की राणा प्रताप जो बहादुरी और साहस का परिचय दिया है उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता इसी कारण पूरे देश में उनकी जयंती मनाई जा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख लोगों जिलाध्यक्ष कुंवर धनराज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष निखिल सिंह, विजय सिंह, राजेश्वर सिंह, शिव नरेश सिंह, राजकरन सिंह, दिलीप सिंह, भारत सिंह, लोकराज सिंह, निशांत सिंह, अमरेंद्र सिंह, , भानु प्रताप सिंह, विनोद तिवारी, विपिन तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद रहे।

# जानकीपुर में शिक्षिका ने बच्चों को बताई यातायात नियम की बारीकियां

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में शिक्षिका शालिनी सिंह ने बच्चों को यातायात के नियम के बारे में बताते हुए बच्चों को टी.एल.एम. के माध्यम से समझाया। बच्चे समझे या नहीं, यह जानने के लिए बच्चों से प्रश्न किया और बच्चों से सड़क सुरक्षा का रोल करवाया।जिसमें रेलवे स्टेशन के ट्रेन जाने के प्रसंग को दर्शाया गया। फाटक बंद होने पर ट्रेन जाती है। यदि गेट बंद है तो स्कूल वाले जाने बच्चे सफर करने वाले गाड़ियों से सफर करने वाले लोग मार्केट जाने वाले लोग रुक जाते हैं। इसी के साथ–साथ बच्चों को लाल, हरी, पीली बत्ती के संकेत को भी समझाया गया। बच्चों से प्रश्न किया तब बच्चों ने संतोष जनक उत्तर भी दिया। उन्हें यातायात के नियम आसानी से समझ में आ गए कि –हमें हमेशा अपनी बाई तरफ सड़क पर चलना चाहिए, हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए, ड्राइव करते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और हमेशा पैदल चलने वाले व्यक्ति सड़क की कच्ची सड़क के तरफ से चलना चाहिए। इस तरह बच्चों ने अपने–अपने सुझाव सड़क सुरक्षा के बारे में प्रस्तुत किया।

# अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम सब मतदान- राम नेवाज सिंह

कौशाम्बी। नेवादा के प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी द्वारा 20 मई को होने वाले लोकसभा मतदान में सत प्रतिशत मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए मतदाता जन जागरूकता मोहल्ला चौपाल लगाई गई जिसमें प्रधानाध्यापक डॉ राम नेवाज सिंह ने मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में बताकर अनुरोध किया कि आप मतदान के दिन बूथ पर मतदान हेतु अवश्य जाएं साथ में वोटर पर्ची संग ले जाएं आप सभी को भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त वोटर स्लिप बीएलओ द्वारा वितरित की जाएगी उस पर्ची के साथ–साथ आपको वोटर आईडी कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइवरी लाइसेंस, बैंक अथवा डाकघर की फोटो युक्त पासबुक सहित 13 विकल्प पहचान के रूप में निर्धारित किए गए हैं इसमें से किसी एक को लेकर जाना है आपको निर्भीक होकर बिना किसी के दबाव में आए अपने मनपसंद के व्यक्ति को मतदान करना है मतदान पर्ची का वोटर लिस्ट से मतदान कर्मियों द्वारा मिलान के पश्चात जब आपको बैलट पेपर एलोट किया जाए तब कुछ बातें ध्यान रखना आवश्यक है बैलट यूनिट पर अभ्यर्थी का नाम प्रतीक चिन्ह के साथ नोटा का विकल्प दिया रहता है आप अपने मनपसंद के अभ्यर्थी के सामने नीला बटन दबाकर मतदान करना है जैसे ही आप बैलट पेपर की बटन दबाएंगे बत्ती जल उठेगी और बीप की आवाज आएगी इसके पश्चात वीवीपैट में आप द्वारा दिए गए मतदान की पर्ची दिखाई देगी।

# निपुण विद्यालय बनाने को हर माह शत प्रतिशत बच्चों का करें आकलन

कौशाम्बी। परिषदीय स्कूलों के बच्चों की गुणवत्ता सुधार के लिए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत डायट मंझनपुर में गुरुवार को डायट प्राचार्य भारती त्रिपाठी के मार्गदर्शन में कड़ा, सिराथू, मूरतगंज और चायल ब्लाक के शिक्षक संकुलों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ है। बैठक में वरिष्ठ डायट प्रवक्ता निधि शुक्ला ने डाटा आधारित निपुण विद्यालय बनाने व छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए कार्य योजना, विद्यालय प्रबंध समिति बैठक और शिक्षक संकुल बैठक की प्रभावी बनाने के लिए जानकारी प्रदान किया। स्टेट रिसोर्स पर्सन ओम प्रकाश सिंह ने निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से प्रतिमाह शत प्रतिशत आकलन किए जाने, प्रतिदिन प्रभावी संवाद करने, स्मार्ट क्लास संचालन संबंधी, स्विफ्ट चौट एप का अधिकाधिक प्रयोग करने, दीक्षा एप पर आयोजित विभिन्न आनलाइन प्रशिक्षण करने, स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम, मैथ किट, विज्ञान किट आदि प्रयोग करने संबंधी समस्त जानकारियों से अवगत कराया। स्टेट रिसोर्स पर्सन डा. दिलीप तिवारी ने समय सारिणी, शिक्षक डायरी, मीना मंच, प्रभावी शिक्षण के लिए विभिन्न उपागम, क्लास रूपांतरण के लिए शिक्षक संदर्शिका, वर्क बुक, बिग बुक, उत्कृष्ट टीएलएम, शिक्षण योजना, छात्रों की प्रतिभागिता, निपुण तालिका भरने आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जानकारी प्रदान किया। बैठक को निपुण भारत मिशन के प्रभारी डायट प्रवक्ता धीरज कुमार, डायट मेंटर्स डा. वंदना सिंह, डा. अनामिका सिंह, शबनम सिद्दीकी, दिनेश कुमार यादव, डा.श्वेता कुमारी, डा. प्रमोद कुमार सेठ आदि ने विद्यालय संबंधी अन्य जानकारियों से अवगत कराया। बैठक में शिक्षक संकुल दीप नारायण मिश्र, गुलाब सिंह, बृज श्याम, संतोषकुमार, अखिलेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# मृतक शिक्षामित्र के स्वजनों को शिक्षकों ने किया आर्थिक सहयोग

## बीएसए व बीईओ ने भी 5100, 5100 का किया सहयोग

सिराथू, कौशाम्बी। एक छोटी छोटी सहायता राशि से किसी का जीवन बदल सकता है। यह सोच को जागृत करते हुए विकास खंड कड़ा के शिक्षक, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों सहायता राशि इकट्ठा कर कुछ दिन पहले मृत हुए शिक्षामित्र के परिवार को सौंप कर मानवता की मिशाल पेश की है।

विकास खंड कड़ा के परास गांव के निवासी मो. जफर कंपोजिट विद्यालय मोंगरी आमद हथगांव में शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत थे। पिछले सप्ताह 4 मई को उनका आकस्मिक निधन हो गया। परिवार में उनके पत्नी के अलावा दो नाबालिग बेटियां और दो नाबालिग पुत्र हैं जिनके ऊपर से पिता का साया उठने के बाद गमों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार के दुख को समझते हुए विकास खंड कड़ा के शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों ने छोटी छोटी राशि का सहयोग कर प्राथमिक शिक्षक संघ के सहयोग से खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा नीरज सिंह उमराव की उपस्थिति में कंपोजिट विद्यालय परास पहुंचकर मृतक शिक्षामित्र के पुत्र मो. नसर को तीन लाख बासठ हजार नौ सौ एक रुपए नकद धनराशि सौंप कर आर्थिक सहायता किया। जिसमें बेसिक शिक्षा परिवार के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा ने पांच हजार एक सौ और खंड शिक्षा अधिकारी कड़ा ने भी पांच हजार एक सौ रुपए सहयोग किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष मुलायम सिंह, कड़ा ब्लाक अध्यक्ष अफरोज आलम, जूनियर शिक्षक संघ कड़ा अध्यक्ष अरुण मिश्रा, रणविजय निषाद, नागेंद्र सिंह, बृज लोचन मिश्र, संदीप त्रिपाठी, जुबैर अहमद, जुनैद अहमद व सामाजिक कार्यकर्ता मुंसब अली उस्मानी उपस्थित रहे।

# जेल या बेल में हैं इंडिया गठबंधन के भ्रष्टाचारी नेतारू नड्डा

## -भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रत्याशी के समर्थन में की चुनावी जनसभा

चित्रकूट(आरएनएस)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने चुनावी सभा में कांग्रेस के राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि भारत जोड़ों नहीं तोड़ो यात्रा चला रहे हैं। गठबंधन के भ्रष्टाचारी नेता जेल में हैं या बेल पर है। राहुल गांधी संविधान की कांपी लेकर घूम रहे हैं। जबकि मोदी जी भ्रष्टाचार को हटा रहे हैं। गठबंधन में जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति करने वाले नेता हैं।गुरुवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बेड़ीपुलिया स्थित गोस्वामी तुलसीदास स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के समीप भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल के समर्थन में चुनावी जनसभा की। शुरुआत भारत माता की जय के साथ किया। कहा कि यह वह स्थली है जहां प्रभु श्रीराम साढ़े ग्यारह वर्ष रहकर लोगों का उद्धार किया है। चित्रकूट को तीर्थो का राजा कहा गया है। आज महाराणा प्रताप की जयंती है। उन्होंने कठोर जीवन जिया है। यह चुनावी बेला है। तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बनाने के लिए सभा में मौजूद लोगों से वोट मांगा। कहा कि 2014 के पहले लोगों ने यह मान लिया था कि अब कुछ होने वाला नहीं है, लेकिन आज राजनीति विकासवाद पर की जाने लगी है। पीएम मोदी जब बने तो देश की अर्थ व्यवस्था को सुधारा है। कोरोना काल में विश्व के सभी देशों में चीन, अमेरिका, इटली आदि परेशान रहे, लेकिन भारत दिन प्रतिदिन तरक्की पर है। आज देश तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बन रहा है। कहा कि मोदी जी ने केन–बेतवा लिंक परियोजना में 44 हजार करोड़ रुपए प्रस्तावित किया है। उन्होंने कहा कि उजाला तभी समझ आता है जब अंधेरा देखा हो। मोदी जी बोलते हैं भ्रष्टाचारी हटाओ, किन्तु इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारी बचाओ का राग अलाप रहे हैं। केजरीवाल पर तंज कसा कि शराब घोटाले में जेल में है। अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि लैपटाप, खाद्यान्न घोटाला किए हैं। गठबंधन में परिवारवाद कायम है। कहा कि घमंडीया गठबंधन में शहजादे भाई एकत्र हैं। गठबंधन में भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। यह भ्रष्टाचारियों का टोला है। मैने कहा कभी पढ़ भी लिया करो। कांग्रेस पार्टी दलित, पिछड़े, आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालना चाहती है। धर्म के नाम पर आरक्षण करना चाहती है। चमड़ी के आधार पर बाटने वाले लोग भारत की संस्कृति के साथ खिलवाड़ करना चाहते है। कांग्रेस के लोग भारत जोड़ो यात्रा नही बल्कि भारत तोड़ो यात्रा चला रहे है। ये जोड़ते नही है ये भारत के टुकड़े टुकड़े गैंग में



शामिल है।इस मौके पर मंत्री रामकेश निषाद, भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल, बांदा सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, बांदा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, बृज किशोर गुप्ता, पूर्व

सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी, बालमुकुंद शुक्ला, जय प्रकाश पांडेय, रवि त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर आदि पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सिराथू में दूसरे दिन ठोस अपविष्ट प्रबंधन के लिए कार्यशाला में हुई चर्चा

सिराथू, कौशाम्बी। आईटीसी लिमिटेड एवं नगर विकास विभाग उप्र के संयुक्त तत्वाधान में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी वैभव चौधरी के निर्देश पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत नगर पंचायत सिराथू के सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गुरुवार को दूसरे दिन कार्यशाला को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक कृष्णा राज यादव ने कहा कि प्रतिदिन जनित होने वाले कचरे के निस्तारण की नगर पंचायत एवं नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने नागरिकों से कहा कि कचरे को यहां वहां न फेंके बल्कि नगर पंचायत से स्थापित किए गए डस्टबिन के अलावा घर घर कूड़ा गाड़ी में डालें। ताकि उसका उचित निस्तारण हो सके। डीपीएम ने कचरे के प्रथकीकरण, कचरे के प्रकार व उसके महत्व के बारे में जानकारी देते हुए इकाई पे प्रबंधन होम कंपोस्टिंग कमयूनिटी कम्पोस्टिंग, व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर चर्चा कर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सीधे जुड़ाव पर जोर देते हुए विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक प्रकाश, आदिल खान, विकास तिवारी, विपिन आदि लोगो ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। कार्यक्रम में बबलू यादव, सफाई नायक, एस बी एम टीम सहित लेखा लिपिक दीप कमल, महेश सिंह सहित नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

# स्कूल के लिए निकला किशोर लापता, शिकायत

सिराथू, कौशाम्बी। पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक किशोर घर से स्कूल के लिए निकला था जिसके बाद किशोर घर नहीं लौटा तो परिजनो ने खोजबीन शुरू कर दिया। किशोर का कही सुराग न लगने पर परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी है।पईसा थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव का रहने वाला सचिन कुमार पुत्र राजेश कुमार पाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका भाई विपिन कुमार 14 वर्ष गुरुवार की सुबह स्कूल ड्रेस पहनकर घर से स्कूल के लिए निकला था। जिसके बाद घर वापस नहीं लौटा काफी खोजबीन के बाद किशोर का पता न चलने पर परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए मनोज कुमार पुत्र राम नेवाज ने बताया कि उसके घर के सामने सरकारी नाली है। उसके घर का पानी नाली से बहकर तालाब में जाता है। गुरुवार की दोपहर वह उस नाली की सफाई कर रहा था। इसी दौरान पड़ोसी पिता–पुत्र वहां पहुंचे और नाली में मिट्टी डालकर उसके घर का पानी नाली में बहने से रोक दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने युवक के साथ गाली–गलौच कर उसे लाठी और डंडा लेकर दौड़ा लिया। युवक ने घर में घुस कर किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की छानबीन में जुट गई है।

# विपक्षी दल के नेताओं ने भाजपा में गुटबाजी पर ली चुस्की

चित्रकूट(आरएनएस)। बांदा व चित्रकूट जिले के भाजपा नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की जनसभा को सफल बताने का दावा कर रहे हैं लेकिन जिस मकसद से यह सभा हुई वो पूरा होते नहीं दिखा। अब आगे आने वाले बड़े नेताओं की सभा में यह देखना दिलचस्प होगा कि गुटबाजी खत्म हुई या नहीं। विपक्षी दल के नेताओं ने कहा कि भाजपा में कई पूर्व जनप्रतिनिधि रूठे हैं। अलग गुट बने हैं।भाजपा के टिकट की घोषणा हुई तब से कुछ पूर्व जनप्रतिनिधि नाराज चल रहे हैं। यहां तक कि एक प्रतिनिधि ने तो नामांकन पर्चा तक खरीद लिया था हलांकि नामांकन पर्चा नहीं भरा। गुरुवार को शहर के बेडीपुलिया के पास भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा चल रही थी। इसमें बांदा के विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि बांदा तो ठीक है पर चित्रकूट का हाल क्या है। नाराज चल रहे नेताओं के बारे में बिना नाम लिये कहा कि सब पार्टी के नाम पर एक हैं कोई गुटबाजी नहीं है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि फिर से वही भाजपा का प्रत्याशी घोषित होना जीत की गारंटी है।

# पीड़िता ने पईसा के युवक पर शादी का झांसा देकर जबरन दुराचार का लगाया आरोप

न्याय के लिए पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

सिराथू, कौशाम्बी। महाराष्ट्र के मुम्बई की रहने वाली एक पीड़िता ने पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक पर शादी का झांसा देकर जबरन दुराचार व मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महाराष्ट्र के मुम्बई के बांद्रा की रहने वाली एक महिला ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक से पांच साल पहले मुंबई में मुलाकात हुई थी, पीड़िता का आरोप है आरोपी युवक हरदोई में ग्लास फैक्ट्री में काम दिलाने के बहाने ले गया, जहां पीड़िता अपनी बहन व एक सहेली से साथ रहकर काम करने लगी। पीड़िता के मुताबिक इस दौरान युवक उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाने लगा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। इस दौरान पीड़िता के एक बच्ची हुई तो पीड़िता युवक से शादी करने की जिद करने लगी। युवक हीलाहवाली करते हुए दूसरी शादी करने की तैयारी करने लगा।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।